हरिभूमि
# रायपुर भूमि

*हरिभूमि ने टेप मीटर से ब्रिज की दूरी और ढलान को मापा*
*80 मीटर की चढ़ाई में फूलने लगेगी बुजुर्गों की सांस*






# राजिम स्टेशन आते-जाते छूटेगा यात्रियों का पसीना
# सड़क से प्लेटफॉर्म 250 मीटर, लंबे ब्रिज में चार मोड़

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

अभनपुर से राजिम के बीच ट्रेन संचालन की तैयारियां रेलवे ने तेज कर दी हैं। 15 अगस्त से इस मार्ग पर ट्रेन चलने की संभावना है। हालांकि, राजिम स्टेशन पर प्लेटफॉर्म तक पहुंचने की व्यवस्था यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बन सकती है। रेलवे ने स्टेशन पर यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाएं जरूर उपलब्ध कराई हैं, लेकिन प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए बनाए गए ब्रिज की जटिल बनावट यात्रियों की कठिनाई बढ़ा सकती है। ब्रिज की डिजाइन ऐसी है कि यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए करीब 250 मीटर पैदल चलना पड़ेगा। हरिभूमि ने शनिवार को राजिम स्टेशन का मौके पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### रायपुर से भी लंबा है राजिम का ब्रिज

राजिम स्टेशन पर बना यह ब्रिज लंबाई के मामले में रायपुर के मुख्य रेलवे स्टेशन के ब्रिज से भी बड़ा है। ब्रिज की जटिल बनावट रायपुर मंडल में पहली होगी। इस संबंध में डीआरएम दयानंद ने बताया कि ऐसे ब्रिज कम जगह वाले स्टेशनों में बनाया जाता है। यह रेलवे का स्टैंडर्ड ब्रिज मॉडल है, और देशभर में ऐसे हजारों ब्रिज बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों को परेशानी न हो, इसलिए ब्रिज को स्लोप के साथ तैयार किया गया है। हालांकि, राजिम स्टेशन ▶▶|शेष पेज 13 पर

### स्टैंडर्ड ब्रिज मॉडल है

ऐसा ब्रिज कम जगह वाले स्टेशनों में बनाया जाता है। यह रेलवे का स्टैंडर्ड ब्रिज मॉडल है। देशभर में ऐसे हजारों ब्रिज बनाए जा चुके हैं। यात्रियों को परेशानी न हो, इसलिए ब्रिज को स्लोप के साथ तैयार किया गया है।

**- दयानंद,** मंडल रेल प्रबंधक

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## खबर संक्षेप

### हादसे रोकने पुलिस गोवंश को रेडियम कॉलर लगाएगी

**रायपुर।** बरसात के मौसम में सड़कों पर मवेशियों के झुंड बनाकर बैठे रहने की वजह से एक्सीडेंट होते रहते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर रोड में बैठे मवेशियों को हटाने एवं रेडियम कॉलर पहनाने का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। सभी यातायात थाना प्रभारियों एवं एनएच-53 में संचालित हाइवे पेट्रोलिंग वाहन में तैनात कर्मचारियों को 2000 नग रेडियम कॉलर (बेल्ट) वितरण किया गया है।

### तेज बारिश में कार को देख नहीं पाने की वजह से हुआ हादसा

# जोरा ब्रिज पर कार को ठोकर मारने के बाद बस हाईवा से टकराकर पलटी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के जोरा ओवरब्रिज पर शनिवार को तेज बारिश के कारण अनियंत्रित रफ्तार से सरायपाली से रायपुर आ रही एक बस, कार को ठोकर मारने के बाद हाईवा से टकराकर पलट गई। बस पलटने से इस पर सवार एक यात्री का दांत टूट गया, एक अन्य यात्री की नाक में चोटें आई हैं। दोनों घायलों को उपचार के लिए हाईवे पेट्रोलिंग की टीम आंबेडकर अस्पताल ले गई। घटना दोपहर ढाई बजे के करीब की है। एक्सीडेंट की जानकारी मिलने पर मौके पर ट्रैफिक पुलिस की टीम के साथ एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा सहित तेलीबांधा पुलिस मौके पर पहुंची और रोड क्लीयर कराने में जुटी। छह घंटे के बाद ओवरब्रिज पर सुचारू रूप से आवागमन शुरू हो पाया। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बस पलटने से दो यात्रियों को आई मामूली चोटें

#### ब्रिज के पास ही थी हाईवे पेट्रोलिंग

एक्सीडेंट होने के समय ब्रिज के पास ही हाईवे पेट्रोलिंग की टीम थी। एक्सीडेंट होने के साथ ही हाईवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची और बस सवार यात्रियों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। घायल यात्रियों को उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया। हाईवे पेट्रोलिंग की टीम ने ट्रैफिक पुलिस के साथ संबंधित थाने को घटना की जानकारी दी। मौके पर पुलिस की क्रेन बस को सीधा करने पहुंची और रेलिंग में फंसे हाईवा को निकाला।



#### तीन घंटे का सफर दो घंटे में

ट्रैफिक पुलिस अफसरों के अनुसार साईं ट्रैवल्स की बस सरायपाली से दोपहर साढ़े 12 बजे रायपुर के लिए निकली थी। बस दोपहर ढाई बजे के करीब जोरा पहुंच गई। रायपुर से सरायपाली की दूरी 150 किलोमीटर है। ऐसे में दूरी के हिसाब से बस को रायपुर पहुंचने में कम से कम तीन घंटा लगना चाहिए, जो केवल दो घंटे में रायपुर पहुंच गई। ऐसे में इसे बस चालक की लापरवाही ही माना जाएगा। तेज बारिश होने के बावजूद बस चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार बस चलाई, जिसकी वजह से एक्सीडेंट हुआ। राहत की बात यह रही कि एक्सीडेंट में किसी तरह से कोई अनहोनी नहीं हुई।

### शेयर बाजार में बड़ी कमाई का झांसा

# सांख्यिकी विभाग की डिप्टी डायरेक्टर से 90 लाख ठगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

राखी थाने में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की डिप्टी डायरेक्टर माया तिवारी ने अज्ञात महिला जालसाजों के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग में रकम निवेश करने पर छह महीने में दोगुना मुनाफा मिलने का झांसा देकर 90 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला अफसर फेसबुक में विज्ञापन देख जालसाजों के झांसे में आकर रकम निवेश कर ठगी का शिकार हुई है।

- **महिला अफसर को जालसाजों ने फेसबुक विज्ञापन के माध्यम से फंसाया**

महिला अफसर के अनुसार फेसबुक में विज्ञापन देख कर उसने लिंक ओपन किया। लिंक ओपन करने पर महिला अफसर ने ऑनलाइन फार्म जमा किया। महिला अफसर ने फार्म में अपनी पूरी जानकारी देने के साथ मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर दर्ज किया। फार्म भरने के बाद महिला अफसर के पास एक महिला ने कॉल कर अकाउंट अफसर से बात कराने की बात कही। जालसाज अकाउंट अफसर ने माया तिवारी को झांसे में लेते हुए कहा कि वह उनकी कंपनी ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### जुलाई में दोगुनी राशि मिलने का दिया था झांसा

माया तिवारी ने पुलिस को बताया है कि जालसाजों ने अपने फेसबुक में एक वीडियो अपलोड किया था। वीडियो देख उसे जालसाजों पर किसी तरह से ठगी करने की आशंका नहीं हुई। महिला अफसर के अनुसार जालसाजों ने महिला अफसर को जुलाई में उनकी जमा रकम का दोगुना मुनाफा मिलने का झांसा देकर रकम निवेश कराकर ठगी की है।

# पड़ोसी को घर आने से मना किया, फिर भी नहीं माना तो कर दी हत्या



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात दो सगे भाइयों ने अपने पड़ोसी को कुदाल तथा लोहे की रॉड से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद खम्हारडीह पुलिस तथा एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी है। युवक की हत्या के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार जोरा भवानी नगर निवासी ▶▶|शेष पेज 13 पर

- **हत्या के आरोप में दो सगे भाइयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

#### घर से निकलते देख भड़के, किया हमला

घटना दिनांक को दोनों भाई काम से अपने घर लौटे तो उन लोगों ने सुनील को अपने घर से निकलते देखा। इस बात से नाराज होकर दोनों भाई सुनील के साथ विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने के बाद दोनों भाइयों ने सुनील के साथ पहले जमकर मारपीट की। इसके बाद घर में रखी कुदाल तथा लोहे की रॉड से सुनील पर हमला कर दिया। पेट में गंभीर चोट लगने की वजह से सुनील की मौके पर ही मौत हो गई।

### चाकू से पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या

# फ्लिपकार्ट, इलास्ट्रिक रन कोरियर के आधा दर्जन कर्मी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

राजधानी सहित प्रदेश के ज्यादातर बदमाश पुलिस से बचने ऑनलाइन शॉपिंग साइट से चाकू सहित अन्य घातक हथियार मंगाकर अपराध कर रहे हैं। पिछले दिनों मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या में इस्तेमाल चाकू ऑनलाइन साइट से मंगाया गया था। उसी चाकू से बदमाशों ने पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या की थी। इसकी जानकारी मिलने पर राजधानी पुलिस ने पहली बार ऑनलाइन साइट कंपनी तथा चाकू डिलीवर करने वाली कोरियर कंपनी के आधा दर्जन कर्मियों के खिलाफ व्यक्तिगत तथा दूसरों के जीवन को खतरे में डालने बीएनएस की धारा 125 (बी) तथ 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ▶▶|शेष पेज 13 पर

- **निर्देश के बाद भी ऑनलाइन शॉपिंग साइट कंपनी द्वारा चाकू उपलब्ध कराए जाने पर पुलिस ने की कार्रवाई**



#### इसलिए की गई गिरफ्तारी

एसएसपी के अनुसार अपराध पर अंकुश लगाने जितनी भी ऑनलाइन शॉपिंग साइट कंपनी हैं, उन कंपनी प्रबंधन को पूर्व में कई बार पत्र लिखकर निर्देशित किया गया है कि वे चाकू सहित अन्य घातक हथियारों का ऑनलाइन आर्डर बुक नहीं करें। जो ऑनलाइन चाकू के साथ अन्य हथियार मंगाते हैं, उनकी सूचना पुलिस को दें। बावजूद इसके ऑनलाइन शॉपिंग साइट ने पुलिस के निर्देश का पालन नहीं करते हुए बदमाशों को चाकू उपलब्ध कराया, जिसकी वजह से एक व्यक्ति की जान चली गई। इस वजह से पुलिस ने ऑनलाइन शॉपिंग साइट के साथ चाकू डिलीवर करने वाली कोरियर कंपनी के कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी की है।

**पड़ताल में पता चला और दो चाकू मंगाए थे :** हत्या के आरोपियों से पूछताछ करने पर पुलिस ने उनके मोबाइल जब्त कर जांच की, तो पता चला कि वे हत्या में इस्तेमाल चाकू के अलावा पूर्व में फ्लिपकार्ट से दो और चाकू मंगवा चुके हैं। बदमाश ने पूर्व में मंगाए गए चाकू से लूट के साथ लोगों के साथ मारपीट की थी। हत्या के आरोप में गिरफ्तार आरोपी अभनपुर थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं।




### भावना नगर के निर्माणाधीन मकान में दोपहर हुआ हादसा

# छत पर मोबाइल पर बात कर रहा था मजदूर आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

मौसम बिगड़ने और बादल गरजने के दौरान सावधानी नहीं बरतना जानलेवा साबित हो सकता है। शनिवार को दोपहर बिगड़े मौसम के बाद गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मजदूर की मौत हो गई। बादल की गर्जना के दौरान मजदूर भावना नगर के निर्माणाधीन मकान की छत पर मोबाइल पर बात कर रहा था। विशेषज्ञों की मानें, तो बिगड़े मौसम में इलेक्ट्रानिक सामान से ▶▶|शेष पेज 13 पर






**घर्षण से बनती है स्थिति :** मौसम विशेषज्ञों के अनुसार वज्रपात होने की वजह बादलों और धरती के बीच अथवा बादलों के भीतर आपसी घर्षण होता है। आंधी-तूफान के दौरान बादल के विभिन्न हिस्सों में आवेश जमा हो जाते हैं, जिससे एक शक्तिशाली विद्युत क्षेत्र बनता है। जब यह आवेश बहुत अधिक हो जाता है, तो यह धरती या दूसरे बादल की ओर प्रवाहित होता है, जिससे बिजली चमकती है और गड़गड़ाहट होती है। इस दौरान तैयार होने वाली ऊर्जा पॉजिटिव एनर्जी की ओर आकर्षित होती है और वज्रपात की स्थिति बनती है।

#### इस तरह से किया जाए बचाव

- तूफान के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों और पानी के स्रोतों से दूर रहें।
- बिजली के खंबों और टावरों से दूर रहें और इलेक्ट्रानिक गैजेट्स का उपयोग ना करे।
- किसी मजबूत इमारत या वाहन के भीतर मौसम के शांत होने तक पनाह ले।
- खुले स्थानों पर होने की स्थिति में जमीन पर उकड़ू बैठकर कानों को बंद कर लें।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा अधिकारियों को सीपीआर और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

**रायपुर।** जिला प्रशासन द्वारा जीवन रक्षक उपायों के प्रति जागरूकता और तत्परता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "प्रोजेक्ट सुरक्षा" के अंतर्गत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। प्रोजेक्ट सुरक्षा के अंतर्गत पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर्स (पीएसओ) को प्राथमिक उपचार और सीपीआर का जीवनरक्षक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वी.आई.पी. सुरक्षा वाहिनी, माना में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीएसओ के लिए 4वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल माना रायपुर में किया गया। प्रशिक्षण का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा रायपुर के मास्टर ट्रेनर एवं राजभवन चिकित्सक डॉ. देवेश रायचा ने किया।

### चंद्रशेखर राष्ट्रीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष बने

**रायपुर।** चंद्रशेखर शुक्ला को राष्ट्रीय किसान यूनियन और सहकारिता आंदोलन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। भारतीय किसान यूनियन शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गौड़ ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा है कि किसानों को संगठन में जोड़कर आगे बढ़ाने का काम करेंगे। साथ ही श्री शुक्ला को ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ का प्रभार सौंपा गया है।

### बंशीराम बने तहसील साहू संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष



**रायपुर।** सामाजिक संगठन को शक्तिशाली बनाने के लिए तहसील साहू संघ धरसींवा के सदस्यों की पिछले दिनों तेलीन दाई मंदिर सिलतरा में मांढर, कूंरा, सांकरा, तेंदुआ एवं सारागांव के संयुक्त तत्वावधान में बैठक रखी गई। पूर्व अध्यक्ष पर नाराजगी व्यक्त जताते हुए निर्वाचित उपाध्यक्ष बंशीराम साहू को सर्वसम्मति से धरसींवा तहसील का कार्यवाहक अध्यक्ष एवं गणेशराय साहू जरौंदा को उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में सभापति के रूप गिरधर साहू एवं केजूराम साहू द्वारा सामाजिक संगठन पर प्रकाश डाला गया।

### किरण देव पहुंचे चिमनानी के घर



**रायपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आज भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी के निवास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं शीघ्र पूर्णतः स्वस्थ होने की कामना की। मुलाकात के दौरान भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, पैनलिस्ट निशिकांत पांडे सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कम्बाइंड मेडिकल सर्विस परीक्षा आज

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित कम्बाइण्ड मेडिकल सर्विस परीक्षा 20 जुलाई को दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगी।

# राज्य की आर्थिक स्थिरता और सतत विकास सुनिश्चित करने छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड विधेयक पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्य की आर्थिक स्थिरता और सतत विकास को सुनिश्चित करने हेतु छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड विधेयक को सर्वसम्मति से पारित किया गया। यह विधेयक राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विधेयक के उद्देश्यों, प्रावधानों और इससे होने वाले लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विधेयक के संबंध में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 संकल्प के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 दस्तावेज तैयार किया है, जिसके अंतर्गत राज्य को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इसी कड़ी में राज्य की वित्तीय दीर्घकालिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह विशेष फंड स्थापित किया जा रहा है।

### मुख्य बजट में इस फंड के लिए 50 करोड़ का प्रावधान

#### पूंजीगत व्यय से अर्थव्यवस्था को मिलेगा मल्टीप्लायर इफेक्ट

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में खनिज संसाधनों से होने वाली आय में निरंतर वृद्धि हुई है। वर्ष 2001-02 से 2024-25 के दौरान खनिज राजस्व में 30 गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं पूंजीगत व्यय में भी लगभग 43 गुना की वृद्धि हुई है। वर्ष 2024-25 में पूंजीगत व्यय में पिछले वर्ष की तुलना में 38 प्रतिशत तथा वर्ष 2023-24 में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। उन्होंने कहा, पूंजीगत व्यय से अर्थव्यवस्था को मल्टीप्लायर इफेक्ट मिलता है, जिससे एक रुपये के निवेश से अर्थव्यवस्था को तात्कालिक रूप से 2.45 रुपए और दीर्घकाल में 3.14 रुपए का लाभ मिलता है। इसी दृष्टिकोण से यह फंड राज्य के पूंजीगत व्यय को सुदृढ़ करने सहायक होगा।




#### फंड के प्रमुख प्रावधान और लाभ

वित्त मंत्री ने बताया कि यह फंड खनिज संसाधनों से प्राप्त वार्षिक राजस्व का न्यूनतम 1 प्रतिशत और अधिकतम 5 प्रतिशत तक निवेश की व्यवस्था करेगा। फंड से प्राप्त लाभांश को पुनः फंड में निवेश किया जाएगा। इस फंड का उपयोग केवल पूंजीगत व्यय के लिए ही किया जाएगा। विशेष परिस्थितियों में ही मूल राशि से आहरण किया जा सकेगा, वह भी एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 10 प्रतिशत तक। फंड की पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत नियम बनाए जाएंगे, जिनमें फंड प्रबंधन, निवेश प्रक्रिया और अनुमति योग्य निवेश साधनों का स्पष्ट निर्धारण किया जाएगा।

#### राज्य के लिए ऐतिहासिक पहल

ओपी चौधरी ने कहा, ऐसा फंड बनाने वाला छत्तीसगढ़ संभवतः देश का पहला राज्य है। मुख्य बजट 2025-26 में इस फंड के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा जिला खनिज न्यास निधि का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है, जिसके माध्यम से दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज समेत कई जिलों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा अधोसंरचना का निर्माण किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स की नवनिर्मित इकाई का किया भव्य शुभारंभ

# सीएम साय ने कहा- नई औद्योगिक नीति से विकास और रोजगार सृजन कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, कोविड के कठिन दौर में दवाइयों की किल्लत को देखते हुए इस इकाई के निर्माण का सपना देखा गया था और आज वह साकार हुआ है। जब पूरी दुनिया कोविड के संकट से जूझ रही थी, तब भारत ने स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर एक मिसाल कायम की। फार्मास्यूटिकल्स की इकाई का शुभारंभ प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को नवा रायपुर स्थित एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स की नवनिर्मित इकाई का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं और उत्पादन इकाई का भ्रमण कर दवा निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति निवेशकों को आकर्षित कर रही है और पिछले सात-आठ महीनों में 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कई परियोजनाओं पर कार्य आरंभ हो चुका है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार औद्योगिक इकाइयों के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार सृजन का कार्य कर रही है और ऐसी इकाइयों को विशेष प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स का भ्रमण कर उन्नत तकनीकों की सराहना की। उन्होंने कहा, यह इकाई पूरी तरह ऑटोमेटेड है, जहाँ टैबलेट, सिरप, ऑइंटमेंट और क्रीम जैसे विभिन्न प्रकार की दवाइयों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस इकाई के विस्तार से बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा।



#### रमन बोले- एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक शुरुआत

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, प्रदेश के फार्मास्यूटिकल सेक्टर में यह एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक शुरुआत है। उन्होंने कहा, भारत ने इस क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है और कोविड काल के दौरान पूरी दुनिया को यह एहसास हुआ कि दवाइयों और चिकित्सा संसाधनों का क्या महत्व है। उन्होंने कहा, अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों ने भी उस दौर में भारत की फार्मा क्षमता पर विश्वास जताया। हाल ही में विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए विजन डॉक्यूमेंट जारी किया गया है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने कहा, प्रदेश के औद्योगिक विकास में नवा रायपुर की केंद्रीय भूमिका है। यह क्षेत्र न केवल औद्योगिक निवेश के लिए उपयुक्त है, बल्कि सभी प्रमुख मार्गों से जुड़ाव के कारण लॉजिस्टिक्स की दृष्टि से भी अत्यंत सुविधाजनक है।

## औषधीय-सुगंधित पौधों की खेती कर रही स्व-सहायता समूह की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में बिहान योजना से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाएं अब औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती कर आत्मनिर्भर बनने के साथ अपनी आय भी बढ़ा रही हैं। इसके तहत आरंग विकासखंड क्षेत्र के बनचरोदा, छटेरा, चटोद जैसे ग्रामों में महिलाएं खेतों में औषधीय एवं सुगंधित पौधों की फसलें लेने के लिए बोवाई भी कर रही हैं।

#### विशेषज्ञों के तकनीकी सहयोग से की जा रही खेती

इस योजना के प्रथम चरण में आरंग विकासखंड के तीन ग्राम बनचरोदा, छटेरा और चटोद में कुल 14 एकड़ पंचायत की सामुदायिक और व्यक्तिगत जमीन पर औषधीय पौधों जैसे बच, खस और ब्राम्ही का



रोपण किया जा रहा है। इस नवाचारपूर्ण प्रयास के तहत औषधि बोर्ड ने महिला समूहों को निःशुल्क पौधों की आपूर्ति की है। दीदियों द्वारा तैयार कच्चे औषधीय माल को औषधि बोर्ड बाजार में बेचकर उसका मुनाफा सीधे महिला समूहों को देगा। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी। इन फसलों के उत्पादन में केंद्रीय औषधीय संस्थान और राष्ट्रीय औषधीय पौधा बोर्ड के विशेषज्ञों के तकनीकी सहयोग भी लिया जा रहा है।

### एकीकृत पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को मिलेगा लाभ

**रायपुर।** कृषि विभाग के उप संचालक सतीश अवस्थी ने बताया कि शासन ने फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए दलहन, तिलहन और अन्य वैकल्पिक फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ चिन्हित फसलों पर आदान सहायता राशि देने का निर्णय लिया है। इस योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया हो। विगत खरीफ मौसम में पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान, जिन्होंने धान की खेती कर सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया है, वे इस योजना के पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि इस बार धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसलें जैसे दलहन एवं तिलहन लेते हैं, तो उन्हें 11 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से सहायता दी जाएगी, वहीं यदि किसान कोदो, कुटकी, रागी अथवा कपास जैसी फसलें लेते हैं तो 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से सहायता राशि मिलेगी। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर पंजीयन और गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर किसानों को यह लाभ मिलेगा।

## खारंग और खपरी हुए लबालब, मनियारी, झुमका और छिरपानी में 90 प्रतिशत से अधिक पानी

### राज्य के सिंचाई जलाशयों में 50 प्रतिशत जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के प्रमुख बांधों में 49.78 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। बिलासपुर स्थित खारंग बांध और दुर्ग जिले का खपरी जलाशय लबालब हो गया है। राज्य के कुल 46 प्रमुख जलाशयों में से झुमका जलाशय में 98.84 प्रतिशत, मनियारी जलाशय 90 प्रतिशत से अधिक, जबकि छरपानी जलाशय में 91 प्रतिशत से अधिक जलभराव हुआ है।

राज्य के 12 बड़े सिंचाई परियोजनाओं में शामिल खारंग बांध में 100 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है, जो सर्वाधिक भराव वाले जलाशयों में शामिल है। मनियारी बांध में जल स्तर 93.17 प्रतिशत तक पहुंच गया है, छोटे जलाशयों जैसे झुमका बांध और छिरपानी में क्रमशः 98.84 प्रतिशत और 91.14 प्रतिशत जलभराव हो चुका है।



#### खारंग, केलो बांध के गेट खोले गए

राज्य के कई जलाशयों से नहरों तथा स्लूइस के माध्यम से जल निकासी भी जारी है। खारंग, मनियारी, केलो और सीतानदी बेसिन के जलाशयों से जल छोड़ा गया है। जल संसाधन विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को जलाशयों की सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं।

#### बांगो और गंगरेल बांध आधे से ज्यादा भरा

मिनीमाता बांगो बांध में अब तक 52.78 प्रतिशत जलभराव हुआ है, गंगरेल बांध में 53.26 प्रतिशत, तांदुला बांध में 29.29 प्रतिशत, दुधावा बांध में 21.87 प्रतिशत, सिकासार बांध में 45.21 प्रतिशत, सोंढूर में 23 प्रतिशत, मुरूमसिल्ली में 21.57 प्रतिशत, कोडार डेम में 38.11 प्रतिशत, केलो डेम में 30.96 प्रतिशत जलभराव हुआ है। इसी तरह अरपा भैंसाझार और मायना जैसे जलाशयों में 30 प्रतिशत से भी कम, गोंदली बांध में 30.24 प्रतिशत और कोसारटेडा डेम (बस्तर) में 42.57 प्रतिशत जलभराव हुआ है। खरखरा डेम में 22.15 प्रतिशत, परलकोट डेम में 36.44 प्रतिशत, श्याम डेम सरगुजा में 69.38 प्रतिशत, पिपरिया नाला डेम में 77.64 प्रतिशत, बलार डेम में 23.04 प्रतिशत, सुतियापात जलाशय में 67.74 प्रतिशत, मोंगरा बैराज में 62.62 प्रतिशत, मरोदा जलाशय में 38.62 प्रतिशत, सरोदा दादर में 41.03 प्रतिशत, घोंघा जलाशय में 82.84 प्रतिशत, मटियामोती जलाशय में 28.51 प्रतिशत, झुमका जलाशय में 98.84 प्रतिशत, खमारपकुट डेम में 86.11 प्रतिशत, कर्रानाला बैराज में 72.64 प्रतिशत, किंकारी नाला में 80.31 प्रतिशत, सुखा नाला बैराज 72.95 प्रतिशत, कुम्हारी डेम रायपुर में 40.44 प्रतिशत, धारा जलाशय राजनांदगांव में 46.44 प्रतिशत तथा रूसे डेम में 54.47 प्रतिशत जल भराव हो चुका है।

## कांग्रेस ने सभी जिलों में ईडी और भाजपा सरकार का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के खिलाफ दुर्भावना पूर्वक कार्रवाई एवं गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, ईडी भारतीय जनता पार्टी और अडानी के एजेंट की भांति काम कर रही है। भाजपा राज्य में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। ईडी के अधिकारी भी अपने शासकीय कर्मचारी होने की मर्यादा को भूलकर भाजपा कार्यकर्ता की भांति काम कर रहे हैं। कांग्रेस इसका विरोध करती है तथा ईडी की कार्यप्रणाली के विरोध में पूरे प्रदेश में ईडी का पुतला दहन किया गया। रायपुर सहित कुछ शहरों में कल ही पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। शनिवार को बिलासपुर, बस्तर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डगांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया में ईडी का पुतला फूंका गया।



#### जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने विरोध किया

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधो राम वर्मा के नेतृत्व में सिलयारी, धरसीवां में मोदी, शाह और साय का पुतला दहन कर ईडी की कार्रवाई का विरोध किया गया। संविधान के विरुद्ध भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में बनाए गए पुतले को पूरे बाजार में घुमाया, नारे लगाकर आक्रोश प्रकट किया गया। उसके बाद पुतला फूंका गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जिला के पदाधिकारी एवं कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने नारियल फोड़कर की शुरुआत

# पंकज उद्यान, माई की बगिया में 7.25 लाख के मरम्मत कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने पंकज उद्यान पुरानी बस्ती और माई की बगिया लाखेनगर में सवा 7 लाख रुपये से अधिक के मरम्मत और सुधार के नये कार्यों का नारियल फोड़कर भूमिपूजन किया। इसके साथ ही माई की बगिया में एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के अंतर्गत पौधा रोपित किया। श्री सोनी ने लगाये गये पौधे की सुरक्षा और देखभाल के लिए संकल्प लेने पर जोर दिया।



शनिवार को रायपुर दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत जोन 5 क्षेत्र स्थित पुरानी बस्ती के पंकज उद्यान और लाखे नगर के माई की बगिया परिसर में आवश्यक मरम्मत और सुधार कार्य की शुरुआत हुई। भूमिपूजन कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, एमआईसी सदस्य सरिता-आकाश दुबे, सुमन-अशोक पांडे, पार्षद बब्बी सोनकर, ममता-सोनू तिवारी, आशु चंद्रवंशी, दुर्गा-यादराम साहू सहित सिंधी समाज के लख्मीचंद गुलवानी, भीमनदास बजाज, दीपक कृपलानी, बलराम मंधानी, जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश रामटेके, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

#### जोन 5 कार्यालय में सुनील सोनी ने ली समीक्षा बैठक

दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने नगर निगम जोन 5 के ईदगाह भाठा पानी टंकी परिसर स्थित जोन 5 कार्यालय में वार्डों के कार्यों की समीक्षा करने बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट संबंधी जन शिकायतों का तत्काल समाधान करने निर्देश दिए। श्री सोनी ने बैठक में कहा कि जोन स्तर पर आम जनता को सड़क बत्ती, पेंशन, राशनकार्ड, आधारकार्ड, श्रमिक कार्ड के लिए इधर-उधर भटकना मत पड़े इसलिए आवश्यक व्यवस्था बनायें। इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। रायपुर दक्षिण विधायक ने अधिकारियों को पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर नए विकास कार्यों का प्रस्ताव शीघ्र बनाकर भेजने की हिदायत दी। जोन 5 कार्यालय में ली गयी समीक्षा बैठक में जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल सहित जोन 5 के अन्य वार्डों के पार्षद उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा
डॉ. वैभव राज सिंह
एमबीबीएस एम.एस.- लेज़र व दूरबीन सर्जन (MBBS, MS Surgery) Laporoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी
श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हाण्डी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खपरीखुर्द गौठान में जुआ खेलते 7 जुआरी गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** नेवरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम खपरीखुर्द मुख्य मार्ग के गौठान में छापा मारकर जुआ खेलते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग यहां रुपयों का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश से 'काटपत्ती' नामक जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जुआ खेलते हुए निम्नलिखित व्यक्तियों को पकड़ा। नरेन्द्र निषाद, देव वर्मा, मंशाराम यद्धु, लोकनाथ निर्मलकर, शोभाराम वर्मा, संजय कुमार वर्मा, रामकुमार वर्मा, इन जुआरियों के पास से 7,730 रुपये नकद और 52 पत्ती ताश जब्त किए गए। नेवरा पुलिस ने इन जुआरियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### एबीवीपी ने कॉलेज समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा 8 सूत्रीय ज्ञापन



**अभनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) अभनपुर इकाई ने शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्राचार्य को 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शुद्ध पेयजल, शौचालयों की मरम्मत, छात्राओं के लिए सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन, विद्युत सुरक्षा, पानी की टंकी का प्रबंधन, कैंटीन संचालन, अनुचित शुल्क वृद्धि का विरोध और बाउंड्री वॉल से अवैध प्रचार हटाने जैसी प्रमुख मांगें शामिल रहीं। प्राचार्य ने इनमें से 3 मांगों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आश्वासन दिया कि शेष मांगें भी शीघ्र पूरी की जाएंगी। एबीवीपी ने महाविद्यालय परिसर में अनाधिकृत प्रवेश पर रोक लगाने की भी मांग की। इस अवसर पर विभाग संयोजक राधेश्याम साहू, जिला संयोजक भावेश नवरंगे, छात्रा प्रमुख विशु गुप्ता,प्रतिम कुर्रे, दीप्ति मार्कण्डेय,वासु अग्रवाल, हेमकिरण साहू ,मधु साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पिता की पुण्यतिथि पर सुपुत्री रीति ने 5 हजार 1 रुपये का दान किया

**आरंग।** शुक्रवार को आरंग निवासी स्वर्गीय आर एस सोनपीपरे सेवानिवृत्त तहसीलदार की प्रथम पुण्यतिथि के स्मृति में उनकी सुपुत्री रीति शर्मा सोनपीपरे ने सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन को 50001 रूपए दान की है। उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों को इस राशि को शिक्षा, गौ सेवा, पर्यावरण व अन्य रचनात्मक कार्यों में लगाने आग्रह की है। इस अवसर अधिवक्ता रीति शर्मा सोनपीपरे ने कहा आज मैं जो कुछ भी हूं मेरे पिता की देन है।उनके पिता समाजसेवा के लिए सदैव तत्पर रहते थे। इसलिए उनके स्मृति में यह राशि दान की है।

### आरंग को मिली 21.22 करोड़ की सौगात

**आरंग।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में प्रदेश के सर्वांगीण विकास के मार्ग को आगे बढ़ाते हुए आरंग विधानसभा क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण स्वीकृति प्राप्त हुई है। लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय (नया रायपुर) द्वारा 17 जुलाई को जारी प्रशासकीय आदेश के अनुसार, आरंग विधानसभा अंतर्गत भानसोज-बरछा-मालीडीह-खौली मार्ग का सड़क चौड़ीकरण, मजबूतीकरण पुल पुलिया निर्माण कार्य के लिए 21,22,20,000 रु (इक्कीस करोड़ बाइस लाख बीस हजार रुपये) की स्वीकृति दी गई है।

# ठोस कचरा प्रबंधन में टेमरी और धरसींवा बने प्रदेश के लिए प्रेरणा स्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

जनपद पंचायत धरसींवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत टेमरी और धरसीवां, ठोस कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में अन्य पंचायतों के लिए एक उत्कृष्ट मॉडल के रूप में उभरा है। इन पंचायतों ने न केवल स्वच्छता में मिसाल कायम की है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा दिया है।

ग्राम पंचायत टेमरी को सन- 2021 में राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया था। पिछले चार सालों से यहां की कचरा प्रबंधन दीदियां ई-रिक्शा के माध्यम से घर-घर से सूखा कचरा इकट्ठा कर उसका पृथक्करण कर रही हैं। टेमरी का एक और उल्लेखनीय पहलू वीआईपी रोड पर बना हाई-टेक सामुदायिक शौचालय है, जिसका संचालन 'नुक्कड़' समूह द्वारा किया जा रहा है। इसकी स्वच्छता और रखरखाव शहरों के शौचालयों को भी मात देता है। टेमरी में फिकल स्लज मैनेजमेंट का कार्य भी सुचारू रूप से चल रहा है। इसके तहत रायपुर (ग्रामीण) क्षेत्रों के सेप्टिक टैंकों से मल कीचड़ को बहुत कम खर्च में खाली किया जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय स्वच्छता सुनिश्चित हो रही है। टेमरी में संचालित इन सफल परियोजनाओं को देखने के लिए विभिन्न जिलों से संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी नियमित रूप से एक्सपोजर विजिट पर आते हैं।

## धरसींवा व टेमरी नवाचार और आत्मनिर्भरता का प्रतीक

### महिला सशक्तिकरण और आय का स्रोत

ग्राम पंचायत धरसीवां में पिछले चार सालों से ऊँ नमः शिवाय समूह घर-घर कचरा संग्रह का कार्य कर रहा है। इस समूह में 10 महिलाएं कार्यरत हैं, जिन्हें प्रतिमाह 20-30 हजार रुपये की आय हो रही है। समूह ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के लिए एक प्लास्टिक यूनिट भी स्थापित की है, जो कचरा प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण कदम है। वही धरसीवां ब्लॉक के संकरी, चरौदा, टेकारी, नगरगांव, काठाडीह, सारागांव, मानाबस्ती, कन्हेरा, कपसदा, टोर सहित रायपुर जिले की अधिकांश पंचायतों में स्वच्छाग्राही दीदियां कचरा संग्रहण और पृथक्करण का कार्य सफलतापूर्वक कर रही हैं। ये दीदियां कचरे के प्रति किसी भी प्रकार की घृणा न रखते हुए, पूरी सेवा भावना से अपने ग्राम पंचायतों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।



### अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा दे रही

जनपद पंचायत के कुछ ग्राम पंचायत कचरा प्रबंधन मॉडल में एक प्रेरणा बन कर सामने आई है, विशेषकर टेमरी और धरसीवां पंचायत जहां ठोस कचरा प्रबंधन में पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणास्रोत बन गई हैं। यहां की स्वच्छाग्राही दीदियां न सिर्फ स्वच्छता सुनिश्चित कर रही हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा दे रही हैं। मैं सभी पंचायतों से आग्रह करता हूं कि वे इस सफल मॉडल का अनुकरण करें और अपने क्षेत्र को स्वच्छ व आत्मनिर्भर बनाएं।

## जयंती : छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज ने डॉ. खूबचंद बघेल की 125वीं जयंती मनाई

# मिलकर काम करना होगा, समाज की एकता ही सबसे बड़ी ताकत है : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

■ महापुरुषों की प्रतिमाओं का आनावरण किया

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज द्वारा प्रदेश के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद् और समाजसेवी डॉ. खूबचंद बघेल की 125वीं जयंती तरपोंगी के फूल चौक में केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप की अगुवाई में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक संदीप साहू सहित समस्त मनवा कुर्मी समाज और समस्त छत्तीसगढ़िया समाज ने डॉ. बघेल को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समाज के केंद्रीय कार्यालय नरदाहा में कई महापुरुषों की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया, जिनमें छत्रपति शिवाजी महाराज, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ. खूबचंद बघेल, स्वामी आत्मानंद, दाऊ भोला वर्मा, दानवीर तुलाराम परगनिहा और स्व. अनंतराम बर्छिहा शामिल हैं। ये सभी प्रतिमाएं समाज के लोगों के दान से स्थापित की गई हैं। वक्ताओं ने इन महान विभूतियों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को याद किया और समाज को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में करीब 400 नवनिर्वाचित समाज जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया, जिनमें जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर निगम पार्षद और सरपंच शामिल थे। साथ ही, समाज के उन दानदाताओं को भी विशेष सम्मान दिया गया, जिन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल ने शिक्षा और समाजसेवा के माध्यम से छत्तीसगढ़ को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज हम सभी को उनके सपनों को साकार करने के लिए मिलकर काम करना होगा ।





### ये रहे शामिल

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक मन्नू लाल परगनिहा, विपिन बिहारी वर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, डॉ. के.के. नायक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोती लाल वर्मा, मीना वर्मा, आर.सी. वर्मा, महामंत्री यशवंत वर्मा, कोषाध्यक्ष जागेश्वर बघेल, केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, राज प्रधान जागेश्वर वर्मा, सुनीता वर्मा, सत्यभामा परगनिहा, रामखिलावन वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, नीलमणि परगनिहा, हरिराम वर्मा, चिंताराम वर्मा, ईश्वरी वर्मा, युगल किशोर आडिल, अनिल कुर्मी, केंद्रीय मीडिया प्रभारी शेखर वर्मा, देवेंद्र वर्मा, ऋषि वर्मा, दशरथ वर्मा, भूपेंद्र पप्पू वर्मा, तुका राम वर्मा, पवन कुमार वर्मा, राधेश्याम वर्मा, रामनारायण वर्मा, उमाशंकर कश्यप सहित बड़ी संख्या में सामाजिक गण मौजूद रहे।

### पिछड़ों के उत्थान के लिए अथक प्रयास किए

एसएल कोशले, अध्यक्ष प्रगतिशील सतनामी समाज, ने कहा कि आज के दिन हमें डॉ. बघेल के संघर्षों को याद करना चाहिए। उन्होंने गरीबों और पिछड़ों के उत्थान के लिए अथक प्रयास किए। उन्होंने समाज को शिक्षित और संगठित करने के लिए उनके विचारों को आगे बढ़ाने की बात कही। कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि डॉ. बघेल ने छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है और समाज के विकास के लिए हर संभव सहयोग देगी। अमित बघेल, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ क्रांति सेना ने कहा कि डॉ. बघेल ने समाज को जागृत करने का कार्य किया। उन्होंने युवाओं को उनके आदर्शों से जोड़ने और समाज की प्रगति तथा राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

### डॉ. बघेल का योगदान अविस्मरणीय

सांसद विजय बघेल ने कहा कि डॉ. बघेल का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने शिक्षा और समाज सेवा के माध्यम से गरीबों का उत्थान किया। उन्होंने सभी से उनके विचारों को आगे बढ़ाने और समाज को मजबूत बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। डॉ. खूबचंद बघेल ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के लिए अथक प्रयास किए। उन्होंने गरीब व पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने के लिए कई संस्थान स्थापित किए और स्वतंत्रता आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उनका मानना था कि शिक्षा ही समाज के उत्थान का सबसे बड़ा माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज के उत्थान के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

### तिल्दा नेवरा से बाबा धाम के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा धाम (देवघर) के लिए रवाना हो रहे हैं। शुक्रवार सुबह भी सैकड़ों की तादाद में भक्तों का समूह साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन से बाबा धाम के लिए निकला। तिल्दा रेलवे स्टेशन पर नगर पालिका के सभापति रानी सौरभ जैन ने सभी भक्तों का उत्साहवर्धन करते हुए भगवान शिव शंकर भोलेनाथ का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। सभापति रानी सौरभ जैन के इस आत्मीय स्वागत से सभी भक्तजनों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। स्टेशन पर ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच भक्तों ने हर्षोल्लास पूर्वक साउथ बिहार ट्रेन से अपनी यात्रा शुरू की। रेलवे के जोनल सलाहकार समिति के सदस्य और भाजपा नेता दीपक शर्मा ने सभापति रानी सौरभ जैन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे 'तारीफे काबिल' बताया। युवा समाजसेवी और व्यवसायी गौरव 'गोलू' अग्रवाल ने सभी भक्तों की ओर से सभापति का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की। इसी तरह, प्रतीक अग्रवाल, आनंद शर्मा, गोलू सिंह और अन्य भक्तों ने भी रानी सौरभ जैन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर रानी सौरभ जैन ने कहा कि उन्हें सांसद बृजमोहन अग्रवाल और क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक व मंत्री टंक राम वर्मा से प्रेरणा मिली है। उनकी भक्ति भावना को देखते हुए, उन्होंने भी श्रद्धालुओं का स्वागत करने का निर्णय लिया।

## पीएम सूर्य घर योजना, चंडी के कोमल के लिए बनी वरदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीणों के लिए एक बड़ा वरदान साबित हो रही है। इसका एक जीता-जागता उदाहरण अभनपुर विकासखंड के ग्राम चंडी के निवासी कोमल सिंह पाटिल हैं, जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाकर न केवल अपने बढ़ते बिजली बिल से राहत पाई है, बल्कि अब वे बिजली उत्पादन से आय भी अर्जित कर रहे हैं। ग्राम चंडी के कोटवार कोमल सिंह पाटिल ने मानव इलेक्ट्रॉनिक्स, चंडी की तकनीकी सलाह से अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल सिस्टम स्थापित किया। इस सिस्टम की कुल लागत 2 लाख थी, लेकिन इसमें केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार और राज्य सरकार की ओर से 30 हजार की सब्सिडी मिली। इस सरकारी सहायता के कारण उन्हें सिस्टम की स्थापना में कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ा। कोमल सिंह पहले हर महीने 1500 से 2000 तक का बिजली बिल भरते थे, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती थी। सोलर सिस्टम लगने के बाद अब उनका बिजली बिल शून्य हो गया है। इतना ही नहीं, वे अतिरिक्त बिजली का उत्पादन कर कुछ अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब सूर्य की रोशनी सिर्फ दिन में ही नहीं, रात में भी उनका साथ देती है। बिजली बंद होने पर भी बैटरी के माध्यम से उनका घर रोशन रहता है। कोमल सिंह ने कहा कि इस योजना की वजह से अब रोशनी सिर्फ एक सुविधा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील भी की है।



## आरंग में कांग्रेस ने किया बिजली कार्यालय का घेराव

**आरंग।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया के मार्गदर्शन में शुक्रवार को आरंग में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भी घरेलू, गैर घरेलू और कृषि बिजली की दरों में वृद्धि के विरोध में स्थानीय राजीव भवन से रैली निकालकर बिजली दफ्तर का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने विभाग के उप अभियंता को ज्ञापन सौंप कर सरकार के फैसले को वापस लेने की मांग की। घेराव के दौरान युवा कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष सजल चंद्राकर ने कहा कि राज्य में डेढ़ साल भाजपा के कार्यकाल में जनता और किसानों के खिलाफ कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के डेढ़ साल के कार्यकाल में विधुत विभाग में घाटा बताकर चार बार विद्युत दरों में बढ़ोतरी की गई है। हमारी जमीन, पानी और कोयला होने के बावजूद राज्य की जनता सरकार की मनमानी के कारण महंगे दामों में बिजली लेने मजबूर हो रही है। सरकार को बड़े बकायादारों से बिल क्यों नही वसूल पा रही है। जिसका बोझ जनता पर डाला जा रहा है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आगे बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस दौरान सजल चंद्राकर, मांगक मूर्ति अग्रवाल, शरद गुप्ता, खिलावन निषाद, समीर गोरी, सूरज सोनकर, आजु वंसे, दीपक चंद्राकर, सादिक बैलीम, कुलदीप लोधी, आलोक शर्मा, दानेश्वर ध्रुव, निखिल वंसे, ईशवर पटेल, ईश्वर प्रशाद, अब्दुल गोरी, नारायण कुर्रे, भरत लोधी, आचु देवांगन, नारायण सोनी, नंदू साहू,दिलीप कुर्रे, शेखर लोधी, मुकेश लोधी, मोहन सहनी, गोकुल साहू, महेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीएपी खाद संकट पर सभापति सख्त अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



आरंग जनपद पंचायत के सभागृह में सहकारिता व उद्योग विभाग की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शुक्रवार को जनपद सभापति कृष्णा महेश साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक का प्रमुख मुद्दा डीएपी खाद की लगातार बनी कमी और किसानों को हो रही परेशानी पर केंद्रित रहा।बैठक में सहकारी समितियों, कृषि विभाग, उद्योग विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सभापति कृष्णा महेश साहू ने बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि "खाद की समस्या सीधे किसानों की जीविका से जुड़ी है। यदि उन्हें समय पर उचित मात्रा में डीएपी खाद नहीं मिली तो फसलों की बुवाई पर गहरा असर पड़ेगा, जिसका परिणाम पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।" श्रीमती साहू ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डीएपी खाद की आपूर्ति में आ रही रुकावटों को चिन्हित कर त्वरित समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ करें। जिन सहकारी समितियों में खाद की अनुपलब्धता है वहां तत्काल वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिन सहकारी समिति में खाद गोदाम नही है वहा खाद गोदाम का निर्माण करने सभी धान खरीदी केंद्रों में धान बेचने आने वाले किसानों को बैठने के प्रतीक्षालय निर्माण कराने का निर्देश सहकारिता विभाग के अधिकारी को दी गई। बैठक में पहुंचे उद्योग विभाग के अधिकारी सन्दीप वर्मा ने बैठक में शामिल स्व-सहायता समूह की 100 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर फूड प्रोसेसिंग आधारित लघु उद्योग जैसे अचार, पापड़, बड़ी चाय कप दोना पत्तल जैसे निर्माण जैसी अनेक घरेलू गतिविधियों को व्यावसायिक रूप से अपनाने हेतु प्रेरित किया। वर्मा ने आगे बताया कि यदि महिलाएं इन लघु उद्योगों को शुरू करती हैं, तो शासन द्वारा उन्हें 35 प्रतिशत की सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता और प्रोत्साहन मिल सकेगा। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के सभापति कृष्णा महेश साहू के अलावा सदस्यों में चन्द्रशेखर नारंग, सुधांशु साहू, लक्ष्मी धीवर, राजू मनहर, किरण साहू के अलावा सहकारिता विभाग के सीईओ सुमित डड़सेना और आरंग क्षेत्र के सभी 5 ब्रांच के मैनेजर उद्योग विभाग के अधिकारी सन्दीप वर्मा उपस्थित थे।

पेज 11 के शेष...

### राजिम स्टेशन आते-जाते...

जायजा लिया। स्टेशन पर फिलहाल एक ही प्लेटफॉर्म से ट्रेन संचालन होगा, लेकिन स्टेशन के इस प्लेटफॉर्म में बाहर से आने-जाने के लिए यात्रियों को ब्रिज से होकर गुजरना पड़ेगा। यह ब्रिज न केवल लंबा है, बल्कि इसमें दो चढ़ाई वाले घुमावदार मोड़ भी हैं, जो बुजुर्गों, दिव्यांगों और भारी सामान लेकर चल रहे यात्रियों के लिए बेहद मुश्किल साबित हो सकते हैं। हरिभूमि टीम ने टेप मीटर से ब्रिज की दूरी और ढलान को मापा। आंकड़ों के मुताबिक यात्रियों को पहले 40 मीटर की चढ़ाई करनी होगी, फिर एक मोड़ है। इसके बाद फिर 40 मीटर चढ़ना होगा। फिर करीब 100 मीटर सीधा चलना पड़ेगा। इसके बाद 40 मीटर उतरने के बाद एक मोड़ से गुजरते हुए फिर से दूसरे मोड़ से 40 मीटर की दूरी तय करनी होगी। यानी केवल स्टेशन से बाहर निकलने के लिए ही लगभग 250 मीटर लंबा और थकाऊ सफर करना होगा। स्टेशन में भारी सामान या बच्चों के साथ यात्रा करने पर यह रास्ता बेहद कठिन हो जाएगा।

ब्रिज की जटिल बनावट बढ़ाएगी परेशानी

राजिम स्टेशन पर बनाया गया ब्रिज मंडल के अन्य छोटे स्टेशनों की तुलना में कहीं अधिक लंबा और जटिल है। इस ब्रिज की लंबाई 250 मीटर से अधिक है, जो क्षेत्र के किसी भी छोटे स्टेशन में अब तक नहीं देखी गई।उदाहरण के तौर पर अभनपुर स्टेशन पर भी रेलवे ने करीब 200 मीटर लंबा ब्रिज तैयार किया है, लेकिन वहां लगभग 60 मीटर की चढ़ाई के बाद सीधा चलना होता है फिर नीचे उतरने की व्यवस्था है। वह घूमावदार नहीं है, जिससे यात्रियों को ज्यादा असुविधा नहीं होती। इसके विपरीत, राजिम में बना ब्रिज न केवल अधिक लंबा है, बल्कि इसकी डिजाइन भी पूरी तरह से घूमावदार और जटिल है। दूर से ही इसकी बनावट उलझन भरी दिखाई देती है। भारी सामान, छोटे बच्चों या बुजुर्गों के साथ यात्रा कर रहे लोगों को इस ब्रिज पर चढ़ने-उतरने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### रायपुर से भी लंबा है...

की स्थल संरचना को देखकर विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का मानना है कि ब्रिज के डिजाइन को और अधिक सरल बनाया जा सकता था। विशेष रूप से लगभग 40 मीटर की अतिरिक्त चढ़ाई को रोका जा सकता था, जिससे यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में कम परेशानी होती। भविष्य में अगर रेलवे स्टेशन में दूसरे प्लेटफार्म का निर्माण करता है, तो 250 मीटर चलकर जाना पड़ेगा।

### जोरा ब्रिज पर कार...

डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर के मुताबिक बस की रफ्तार ज्यादा थी। बारिश होने की वजह से बस चालक सामने जा रही कार को देख नहीं पाया। कार के एकदम नजदीक पहुंचने पर बस चालक ने ब्रेक लगाया। इससे बस कार के दाहिने तरफ के चक्के से टकराकर स्लिप हो गई और और सामने जा रहे हाईवा के बाएं तरफ से टकरकार बस पलट गई। इस दौरान हाईवा ब्रिज के रेलिंग में जाकर फंस गया।

### सांख्यिकी विभाग की डिप्टी...

में रकम निवेश करेंगी, तो उन्हें छह माह के भीतर दोगुनी राशि मिलेगी। महिला अफसर ने झांसे में आकर 20 ट्रांजेक्शन में 90 लाख रुपए जमा करा दिए। जमा रकम का रिटर्न नहीं मिलने पर महिला अफसर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। इसके बाद वह थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंची।

### फ्लिपकार्ट, इलास्ट्रिक रन...

के निर्देश पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार ऑनलाइन शॉपिंग साइट फ्लिक कार्ट तथा चाकू डिलीवर करने वाली इलास्ट्रिक रन कोरियर कंपनी के कर्मी गुलरेज अली, मोहित कुमार, अभिजीत गोस्वामी, दिनेश कुमार, हरिशंकर साहू तथा आलोक साहू को गिरफ्तार किया है। पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या के आरोप में पुलिस ने जिन दो बदमाश अभनपुर निवासी कुणाल तिवारी उर्फ लालू तथा समीर टंडन को गिरफ्तार किया है, पूछताछ में उन लोगों ने बताया कि उन लोगों ने फ्लिप कार्ट में ऑनलाइन आर्डर कर चाकू मंगवाया था। उसी चाकू से उन लोगों ने पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या की थी।

### पड़ोसी को घर आने...

सुनील राव (30) की हत्या के आरोप में ओमप्रकाश यादव (21) तथा राहुल यादव (19) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी प्लांटेशन तथा प्लंबर का काम करते हैं। पुलिस के मुताबिक, चार भाई अपनी मां के साथ रहते थे। इनमें ओमप्रकाश की शादी हो चुकी है। चारों भाइयों की अनुपस्थिति में सुनील उनके घर आता-जाता था। इस बात को लेकर ओमप्रकाश तथा उसके भाई राहुल ने सुनील को घर आने से मना किया था। बावजूद इसके सुनील उनकी बातों की अनदेखी कर ओमप्रकाश के घर में आता-जाता था।

### छत पर मोबाइल...

दूर रहना समझदारी होती है। भारी उमस के बीच शनिवार को राजधानी का मौसम बदला। पहले तो शहर में खंड वर्षा हुई, फिर छाए बादल जमकर गरजने लगे। इस दौरान जोरों की गर्जना के साथ राजधानी के भावना नगर खम्हारडीह के एक निर्माणाधीन मकान में बिजली गिरी और वहां का काम करने वाला मजदूर आकाशीय बिजली की चपेट में आकर जान गंवा बैठा। जानकारी के अनुसार मूलतः गोरखपुर यूपी का रहने वाला 18 साल का सन्नी बरसैनी उस मकान में मजदूरी करता था। बताया जाता है कि मौसम बिगड़ने के दौरान वह दूसरी मंजिल की छत खड़ा होकर अपने रिश्तेदारों से बात कर रहा था। इसी दौरान बिजली गिरी और वह उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। इससे पहले उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता, उसकी मौत हो गई।

:: आम सूचना ::

मौजा-खैरखूंट, प.ह.नं.-03, रा.नि.मं.-तिल्दा, तहसील- तिल्दा व जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 370/7, 370/11, 374/3 रकबा क्रमशः- 0.1010 हे., 0.1710 हे., 0.0040 हे. कुल रकबा 0.2760 हे. भूमि के संबंध में।

सर्वविदित हो कि हमारे पक्षकार द्वारा हेमन्त कुमार केंवट पिता श्री महेश कुमार निषाद निवासी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, वार्ड क्रमांक - 46, चंडी चौक, ब्रम्हा देव चौक के पास, व्ही. आई. पी. रोड, फुण्डहर, रायपुर (छ.ग.) से कृषि भूमि खसरा नम्बर 370/7, 370/11, 374/3 रकबा क्रमशः- 0.1010 हे., 0.1710 हे., 0.0040 हे. कुल रकबा 0.2760 हे. भूमि स्थित मौजा-खैरखूंट, प.ह.नं.-03, रा.नि.मं.-तिल्दा, तहसील-तिल्दा व जिला-रायपुर (छ.ग.) को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशि अदा की जा चुकी है, केवल सीमांकन, बटांकन एवं विक्रय पत्र पंजीयन की प्रक्रिया शेष है । अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व, आधिपत्य, भारमुक्तता एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागो, बैंक, वित्तीय संस्थाओं एवं निकायों को किसी भी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें, बाद म्याद हमारे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 19.07.2025

भवदीय
सुनील कुमार दुआ,
सतीश मानके, जिनेश ठाकुर (अधिवक्तागण)
निवास/कार्यालय- डी 306/5,
टैगोर नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो.न.- 94252-12941, 79877-71417

:: आम सूचना ::

मौजा-खैरखूंट, प.ह.नं.-03, रा.नि.मं.- तिल्दा, तहसील तिल्दा व जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 370/3, 370/4, 374/1 रकबा क्रमशः 0.5290 हे., 0.5100 हे., 1.1370 हे. कुल रकबा 2.176 हे. भूमि के संबंध में।

सर्वविदित हो कि हमारे पक्षकार द्वारा श्रीमती बुधियारीन बाई निषाद पति श्री शिवला निषाद निवासी मकान नं. 122, रविदास पारा, वार्ड नं.-09, ग्राम खैरखुंट, रायपुर (छ.ग.) से कृषि भूमि खसरा नम्बर- 370/3, 370/4, 374/1 रकबा क्रमशः- 0.5290 हे., 0.5100 हे., 1.1370 हे. कुल रकबा 2.176हे. भूमि स्थित मौजा- खैरखूंट, प.ह.नं.-03, रा.नि.मं.- तिल्दा, तहसील- तिल्दा व जिला-रायपुर (छ.ग.) को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशि अदा की जा चुकी है, केवल सीमांकन, बटांकन एवं विक्रय पत्र पंजीयन की प्रक्रिया शेष है । अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व, आधिपत्य, भारमुक्तता एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागो, बैंक, वित्तीय संस्थाओं एवं निकायों को किसी भी प्राकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें, बाद म्याद हमारे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा । तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 19.07.2025

भवदीय
सुनील कुमार दुआ,
सतीश मानके, जिनेश ठाकुर (अधिवक्तागण)
निवास/कार्यालय- डी 306/5,
टैगोर नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो.न.- 94252-12941, 79877-71417

## खबर संक्षेप

### आज निकलेगी हरेली रैली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की छटा बिखेरता एवं प्रकृति रक्षा का संदेश देता हुआ हरेली का त्योहार मनाने छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के तत्वावधान में आज रविवार को भिलाई में रैली का आयोजन किया जाएगा। एक दिवसीय कार्यक्रम में ही बस्तरिहा मांदरी, सुवा, पंथी, करमा, गेड़ी, अखाड़ा, राऊतनाचा, डंडानृत्य जैसे छत्तीसगढ़ के लगभग हर कलाविधा का रैली के रुप में प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस बार की रैली में छत्तीसगढ़ महतारी एवं महापुरुषों की झांकी के अलावा प्रदेश की राजभाषा छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई लिखाई एवं उसे कार्यालयीन भाषा बनाने का आह्वान करते हुए एक चलित झांकी भी रैली का मुख्य आकर्षण होगा।

### बाबा कर्बला वाले का उर्स पाक आज

**रायपुर।** हजरत सैय्यद ताराशाह रहमतुल्लाह अलैह कर्बला वाले बाबा साहब का उर्स पाक 20 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा। चादर शाम 6 बजे मनोज नायडू के घर से निकलकर पूरे मोहल्ले की गश्त करते हुए बाबा साहब के दरबार में पेश की जाएगी। फातेहा के बाद प्रसाद वितरण एवं आम लंगर होगा। यह जानकारी जोगेंद्र राव ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर बाबा साहब का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### हिंदी और बंगला में रविंद्र संगीत स्पर्धा के लिए आडिशन आज

**रायपुर।** गुरुदेव रविंद्रनाथ ठाकुर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में ठाकुरजी रचनावली प्रकृति एवं देशप्रेम के ऊपर हिंदी एवं बंगला में रविंद्र संगीत की प्रतियोगिता किया जा रही है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 3 अगस्त को शाम 6 बजे होगा। कार्यक्रम राष्ट्रीय बंगाली सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान द्वारा किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन 20 जुलाई शाम 4 बजे टैगोर नगर एवं फाइनल 27 आडिशन जुलाई शाम 5 बजे बंगाली कालीबाड़ी समिति (पांथोशाला हॉल) काली बाड़ी चौक में होगा। यह जानकारी संस्था की महुआ मजूमदार ने देते हुए बताया कि इसी दौरान 3 अगस्त को मिलाई गीत वितान द्वारा वर्ष मंगल कार्यक्रम होगा।

### दलदल सिवनी के 86 कांवरिया आज होंगे बैजनाथ धाम रवाना

**रायपुर।** महावीर कांवरिया संघ दलदल सिवनी के 86 सदस्यीय कांवरिया जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए 20 जुलाई दोपहर 12 बजे हैदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस से रवाना होगा। कांवरियों को वार्डवासियों द्वारा तिलक लगाकर रवाना किया जाएगा। यह दल 26 जुलाई को बाबा वैद्यनाथ का जलाभिषेक कर अपने वार्ड, प्रदेश, देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना करेंगे। दल में प्रफुल्ल दुबे, जनकू राम बघमार, नोहर लाल साहू, माधव साहू, पवन साहू, आशाराम पटेल, भागबली साहू, ओमप्रकाश साहू, छन्नूलाल, टीकाराम, तेजस्विनी, लोकेश्वरी, ताकेश्वरी, नेहा साहू प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## निधन

### शुभदा खेर

**रायपुर।** आनंदम वर्ल्ड सिटी



कचना निवासी शुभदा खेर (80) का 19 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 जुलाई को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे वरिष्ठ पत्रकार आनंद खरे, नीरज खरे एवं भारती परमार की माता थीं।

### विजय कुमार राठौर

**रायपुर।** राठौर चौक निवासी विजय कुमार राठौर (77) का 19



जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 जुलाई को शाम 5 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अजय, स्व. मनोज, संजय के बड़े भाई व नवीन, नितिन, नीरज के पिता थे।

# साइंस कालेज की चौपाटी हटाने का हल्ला थमा, यहां लाइब्रेरी के लिए प्रशासकीय मंजूरी अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कालेज मैदान के सामने जीई रोड पर गुलजार चौपाटी को हटाकर आमानाका ब्रिज के नीचे शिफ्ट करने का हल्ला थम गया है। चौपाटी वाली जगह पर प्रस्तावित लाइब्रेरी निर्माण को प्रशासकीय मंजूरी नहीं मिल पाने से निगम के अफसर उहापोह की स्थिति में हैं। वहीं आमानाका ब्रिज के नीच प्रस्तावित चौपाटी स्थल पर पहले से व्यवसाय कर रहे करीब 34 गैरेज वालों को व्यवस्थापित करने निगम अभी जगह नहीं ढूंढ पाया है। हालांकि प्रस्तावित चौपाटी स्थल पर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने वेंडरों के लिए पानी, बिजली की व्यवस्था कर दी है, पेवर लगाने का काम बाकी है। महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा जीई रोड स्थित साइंस कालेज मैदान के सामने मुख्य मार्ग पर आम जनता की सुविधा के लिए 68 स्मार्ट कियोस्क के साथ सर्व सुविधा युक्त चौपाटी बनवाई गई। इसमें लोगों की सुविधा के लिए अलग से पार्किंग स्पेस सुरक्षित रखा गया। चौपाटी निर्माण के दौरान क्षेत्र के विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत द्वारा एजूकेशन हब एरिया में चौपाटी निर्माण का विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन किया गया। यही नहीं, शैक्षणिक परिसर के आसपास चौपाटी निर्माण के औचित्य पर भी सवाल उठाये। इसके बाद भी चौपाटी निर्माण जारी रहा, यही नहीं चौपाटी में बनाये गये 68 कियोस्क भी खानपान के अलग-अलग स्टाल के साथ शुरू हुए। चौपाटी के चलते शहर के अलग-अलग इलाकों से लोग परिवार के साथ मेट्रो सिटी की तर्ज पर पहुंचते रहे हैं। चौपाटी के दूसरे जगह शिफ्टिंग को लेकर वेंडरों को अपने आजीविका की चिंता सताये जा रही है।

**खास बातें**

- निगम अफसर उहापोह में, आमानाका ब्रिज के नीचे प्रस्तावित है चौपाटी
- ब्रिज के नीचे प्रभावित 34 गैरेज वालों का व्यवस्थापन भी जरूरी



### चौपाटी वाली जगह पर नालंदा की तर्ज पर लाइब्रेरी का प्रस्ताव

साइंस कालेज की चौपाटी वाली जगह पर युवाओं के लिए नालंदा की तर्ज पर हाईटेक लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव नगर निगम की ओर से राज्य शासन को भेजा गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि राज्य शासन ने इस पर सैद्धांतिक रूप से सहमति दी है, पर प्रशासकीय मंजूरी अभी तक नही मिली है, वे शासन स्तर पर प्रशासनिक स्वीकृति का इंतजार कर रहे हैं। विदित हो कि साइंस कालेज की चौपाटी को आमानाका ब्रिज के नीचे वाले हिस्से में शिफ्ट करने शुरुआत में नगर निगम जोन 7 के माध्यम से आधा दर्जन वेंडरों को उनके सामान के साथ प्रस्तावित चौपाटी स्थल पर शिफ्ट कराया गया। बाकी के वेंडरों को एक माह की समय सीमा में शिफ्टिंग का समय दिया गया, यह समय सीमा पहले ही समाप्त हो चुकी है।

## मनमानी : परागांव में ही 500 से ज्यादा हाईवा रेत डंप

# अवैध भंडारण की गई रेत अब डेढ़ गुना कीमत पर बेच रहे कारोबारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के सीजन भर रेत उत्खनन पर लगे प्रतिबंध के कारण रेत की सप्लाई जहां घाट से बंद हो गई है, वहीं दूसरी ओर घाट के आसपास सहित उससे लगे ग्रामों में वैध तथा अवैध रूप से भंडारण की गई रेत भी डेढ़ गुना अधिक कीमत पर बेची जा रही है। यही कारण है कि जिले में मीडियम रेत प्रति हाईवा 20 हजार (फीट 20) रुपए एवं बारीक रेत 24 हजार हाईवा (फीट 24) रुपए तक पहुंच गई है।

इस तरह रेत के कारोबारी घाट में उत्खनन पर लगे प्रतिबंध का फायदा उठाकर जमकर मुनाफा कमा रहे हैं। इधर विभाग और राजस्व विभाग ने अवैध रूप से भंडारण की गई रेत पर अब तक सिर्फ खानापूर्ति कार्रवाई की है, जबकि आरंग क्षेत्र के पारागांव में ही नदी के किनारे से लेकर लगभग दो किलोमीटर तक जगह-जगह 5 सौ से ज्यादा हाईवा रेत भंडारण किया हुआ है, जिससे शासन को भी रायल्टी के रूप में लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है।





### ग्राम पंचायतों की साठगांव से अवैध भंडारण

कई घाट से लगे ग्रामों में रेत का अवैध भंडारण ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों की साठगांठ से किया गया है। इसके एवज में ग्राम पंचायत को मोटी राशि भी दी जाती है। यही कारण है कि अवैध भंडारण होने के बाद भी ग्राम पंचायत के लोग इसकी शिकायत विभाग में नहीं करते।

### 5 से 10 हजार घन मीटर रेत भंडारण की अनुमति, कर रहे कई गुना ज्यादा

जिले में जितने लोगों ने रेत भंडारण की अनुमति ली है, उनमें ज्यादातर ने 5 से 10 हजार घन मीटर की अनुमति ली हुई है, लेकिन उनके द्वारा कई गुना ज्यादा यानी कोई दो से चार गुना तो कोई 10 गुना से अधिक रेत का भंडारण किए हुए हैं।

### राटाकाट, जौंदा, सेमरा में भी अवैध भंडारण

राटाकाट-आरंग, जौंदा, सेमरा-अभनपुर सहित पिरदा से एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग के कई ग्रामों में रेत का जगह-जगह अवैध भंडारण किया हुआ है। विभाग की टीम इस क्षेत्र के ग्रामों में अब तक जांच तक करने नहीं पहुंची है। इस कारण कारोबारी भी अवैध भंडारण की गई रेत को मनमानी कीमत पर बेच रहे हैं।

# 5 अंक से टॉप थ्री में आने से चूक गए इसका मलाल, राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत होने का मिलता मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा है कि केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण की देशव्यापी रैंकिंग में हम मात्र 5 अंक से टॉप थ्री पर आने से चूक गये, इस बात का मलाल रहेगा। देश के 10 लाख से अधिक आबादी वाले मिलेनियम प्लस सिटी श्रेणी में देश के 47 नगर निगमों में रायपुर का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। स्वच्छता सर्वेक्षण में 7 पायदान की छलांग लगाकर सीधे चौथे नंबर की रैंकिंग हासिल की। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है, बस दिल में एक ही कसक रह गयी कि 5 अंक और मिल जाते, तो राष्ट्रपति के हाथों अवार्ड प्राप्त करने का सुनहरा मौका मिलता।

- दिल्ली से चौथी रैंकिंग का अवार्ड लेकर लौटे सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा : कहां हुई चूक समीक्षा होगी

नई दिल्ली से स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड लेकर राजधानी लौटे निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने मीडिया से चर्चा में ये बातें कही। उन्होंने ये भी कहा, कहां पर चूक हुई, इस बात को महापौर, स्वास्थ्य विभाग



अध्यक्ष और निगम आयुक्त के साथ मिल बैठकर पाइंट आउट करेंगे। श्री राठौर ने कहा कि हमें सतत काम करने की आवश्यकता है। मीडिया से चर्चा के दौरान स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री-सुनील चंद्राकर स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान और सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडू मौजूद रहे।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए सूर्यकांत राठौर ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर कुल 12 शहरों को 7 स्टार का पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिसमें रायपुर नगर निगम शामिल है। इसी के साथ राष्ट्रीय स्तर के 4589 नगरीय निकाय की इस प्रतियोगिता में रायपुर छत्तीसगढ़ का पहला गार्बेज फ्री सिटी भी बन गया है। रायपुर को राज्य स्तर पर प्रदेश का सबसे प्रामिसिंग स्वच्छ शहर का मिनिस्ट्रियल अवार्ड भी मिला है। यह बड़ी उपलब्धियां हम सभी के सामूहिक प्रयासों, टीम भावना और जन सहभागिता का परिणाम है।

# एंबुलेंस सुविधा की होगी रियल टाइम ट्रैकिंग, गोल्डन ऑवर पर गंभीर मरीजों को मिलेगा तत्काल उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने की जिम्मेदारी उठाने वाले एंबुलेंस अब रियल टाइम ट्रैकिंग की निगरानी में रहेंगे। इससे गंभीर मरीजों को गोल्डन ऑवर में उपचार की सुविधा प्राप्त होगी। कलेक्टर डा. गौरव सिंह एंबुलेंस टाइम ट्रैकिंग की योजना की शुरुआत राजधानी से की जाएगी। इस योजना का उद्धेश्य मरीजों को इलाज के लिए सही समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाना है।

- कलेक्टर की पहल पर राजधानी में शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट

इमरजेंसी की 'गोल्डन ऑवर' अवधारणा को प्रभावी बनाने के लिए मरीजों को अस्पताल पहुंचाने वाली 108 संजीवनी एक्सप्रेस और गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए हास्पिटल ले जाने वाली 102 महतारी एक्सप्रेस की रियल टाइम ट्रैकिंग होगी। योजना के मुताबिक मरीजों को स्थिति के बारे में अस्पतालों को पहले से जानकारी दी जाएगी, ताकि उसके आवश्यक इलाज की तैयारी वहां पूर्व से की जा सके। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की पहल पर इस योजना की शुरुआत राजधानी समेत रायपुर जिले से की जा रही है। बाद में इसकी सफलता के आधार पर इस पूरे प्रदेश में लागू करने पर विचार किया जाएगा।

कलेक्टर रायपुर गौरव कुमार सिंह का कहना है कि इस प्रणाली से गंभीर मरीजों को 'गोल्डन ऑवर' में सही इलाज मिल पाएगा और जान बचाने की संभावना बढ़ेगी। इस योजना के तहत राजधानी के आंबेडकर अस्पताल, डीके हास्पिटल, जिला अस्पताल सहित अन्य सरकारी अस्पतालों को इमरजेंसी मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी जाएगी। चार दिवसीय इस कार्यशाला में शहर के दर्जनभर सरकारी डाक्टरों को विशेषज्ञ लाइफ सपोर्ट, एयरवे मैनेजमेंट, कार्डियक अरेस्ट, ट्रॉमा, बर्न और स्नेक बाइट जैसी आपात स्थितियों में इलाज के तौर-तरीकों के बारे में बताएंगे।





### प्रोजेक्ट सुरक्षा, सिक्योरिटी ऑफिसरों को सीपीआर की ट्रेनिंग

जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस सोसाइटी जिला रायपुर द्वारा, प्रोजेक्ट सुरक्षा कार्यकम अंतर्गत पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (पीएसओ) को प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। 4थी वाहिनी छसबल शहीद स्मारक के पास माना में रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा के मास्टर ट्रेनर डॉक्टर देवेश रायचा द्वारा दिया गया। उन्हें आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा से सहायक प्रबंधक देव प्रकाश कुर्रे भी उपस्थित थे। सीपीआर प्रशिक्षण से आपात कालीन स्थितियों में जीवन बचाया जा सकता हैं। इस दौरान सुरक्षा बलों को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देने के तरीके भी बताए गए।

**पुटू अब 800 रुपए, खेखसी 240 रुपए, सेमी 160 रुपए**

# सब्जियों के दाम आसमान छू रहे, कुछ में राहत के छींटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुछ सब्जियों के दाम में जहां अब भी आग लगी हुई है, वहीं कुछ सबिज्यों के दाम में राहत की बारिश हो रही है। सबसे महंगी सब्जी बारिश के मौसम में आने वाली पुटू है। इसके दाम अब थोक में 600 और चिल्हर में 800 रुपए किलो हैं। खेखसी इस समय थोक में दो सौ रुपए और चिल्हर में 240 रुपए में मिल रही है। भिंडी, करेला, गंवार फल्ली, भटा सहित कई सब्जियों के दाम अब सौ रुपए से कम हो गए हैं। टमाटर ने भी अब भाव खाना कम कर दिया है। इसके दाम चिल्हर में 40 रुपए हो गए हैं।

बारिश के समय में हमेशा सब्जियों के दाम आसमान पर चले जाते हैं। राजधानी रायपुर में इस समय सब्जियों के दाम कम ज्यादा हो रहे हैं। जो भिंडी एक सप्ताह पहले थोक में 100 रुपए किलो तक चली गई थी, वह अब 60 से 80 रुपए हो गई है। करेला अब भी 60 से 80 रुपए किलो हो गया है। मुनगा 25 रुपए पाव और किलो में 90 रुपए हो गया है। ढेंस के दाम वैसे भी ज्यादा रहते हैं। इस समय ढेंस थोक में 60 से 80 रुपए और चिल्हर में 30 रुपए पाव यानी 120 रुपए किलो में बिक रहा है। धनिया थोक बाजार में तो 50 से 60 रुपए किलो है, पर चिल्हर में यह 25 रुपए पाव से कम नहीं मिल रहा है।



### सब्जियों के दाम में अब राहत

सब्जियों के दाम में अब थोड़ी राहत है। कुछ ही सब्जियां इस समय महंगी हैं, बाकी के दाम कम हो गए हैं।

\- टी. श्रीनिवास रेड्डी, अध्यक्ष, डूमरतराई थोक सब्जी बाजार

### सब्जियों के चिल्हर के दाम

- पुटू 800 रुपए किलो
- खेखसी 240 रुपए
- सेमी 160 रुपए किलो
- भिंडी 60 से 80 रुपए
- मुनगा 100 से 120 रुपए
- ढेंस 120 रुपए किलो
- धनिया 100 रुपए किलो
- भटा 40 रुपए किलो
- पत्ता गोभी 40 रुपए किलो
- टमाटर 40 रुपए किलो

### अब भी सबसे महंगा पुटू

बारिश के मौसम में आने वाले जंगली मशरूम पुटू के दाम इस माह के प्रारंभ में थोक में 13 सौ रुपए और चिल्हर में 16 सौ रुपए थे, लेकिन अब यह थोक में 600 रुपए और चिल्हर में दो सौ रुपए पाव में मिल रहा है। दूसरी सबसे महंगी सब्जी खेखसी है। इसके दाम थोक में 180 से 200 रुपए और चिल्हर में 60 रुपए पाव के हिसाब से 240 रुपए किलो है।

### 50 से कम वाली सब्जी

50 रुपए से कम वाली सब्जियों में सज्जन सब्जी कद्दू है। इसके दाम हमेशा 20 रुपए रहते हैं, लेकिन यह इस समय 30 रुपए किलो में बिक रहा है। थोक में इसके दाम 15 रुपए हैं। इसके अलावा लौकी 40 रुपए, पत्ता गोभी 40 रुपए, बैगन 40 रुपए किलो है। अन्य सब्जियों के दाम 50 रुपए से ज्यादा है। इसमें कोचई के दाम 60 रुपए, फुल गोभी 80 रुपए, परवल 80 रुपए किलो है।

## पेज 11 के शेष

### राजिम स्टेशन आते-जाते...

जायजा लिया। स्टेशन पर फिलहाल एक ही प्लेटफॉर्म से ट्रेन संचालन होगा, लेकिन स्टेशन के इस प्लेटफॉर्म में बाहर से आने-जाने के लिए यात्रियों को ब्रिज से होकर गुजरना पड़ेगा। यह ब्रिज न केवल लंबा है, बल्कि इसमें दो चढ़ाई वाले घुमावदार मोड़ भी हैं, जो बुजुर्गों, दिव्यांगों और भारी सामान लेकर चल रहे यात्रियों के लिए बेहद मुश्किल साबित हो सकते हैं। हरिभूमि टीम ने टेप मीटर से ब्रिज की दूरी और ढलान को मापा। आंकड़ों के मुताबिक यात्रियों को पहले 40 मीटर की चढ़ाई करनी होगी, फिर एक मोड़ है। इसके बाद फिर 40 मीटर चढ़ना होगा। फिर करीब 100 मीटर सीधा चलना पड़ेगा। इसके बाद 40 मीटर उतरने के बाद एक मोड़ से गुजरते हुए फिर से दूसरे मोड़ से 40 मीटर की दूरी तय करनी होगी। यानी केवल स्टेशन से बाहर निकलने के लिए ही लगभग 250 मीटर लंबा और थकाऊ सफर करना होगा। स्टेशन में भारी सामान या बच्चों के साथ यात्रा करने पर यह रास्ता बेहद कठिन हो जाएगा।

ब्रिज की जटिल बनावट बढ़ाएगी परेशानी

राजिम स्टेशन पर बनाया गया ब्रिज मंडल के अन्य छोटे स्टेशनों की तुलना में कहीं अधिक लंबा और जटिल है। इस ब्रिज की लंबाई 250 मीटर से अधिक है, जो क्षेत्र के किसी भी छोटे स्टेशन में अब तक नहीं देखी गई।उदाहरण के तौर पर अभनपुर स्टेशन पर भी रेलवे ने करीब 200 मीटर लंबा ब्रिज तैयार किया है, लेकिन वहां लगभग 60 मीटर की चढ़ाई के बाद सीधा चलना होता है फिर नीचे उतरने की व्यवस्था है। वह घूमावदार नहीं है, जिससे यात्रियों को ज्यादा असुविधा नहीं होती। इसके विपरीत, राजिम में बना ब्रिज न केवल अधिक लंबा है, बल्कि इसकी डिजाइन भी पूरी तरह से घूमावदार और जटिल है। दूर से ही इसकी बनावट उलझन भरी दिखाई देती है। भारी सामान, छोटे बच्चों या बुजुर्गों के साथ यात्रा कर रहे लोगों को इस ब्रिज पर चढ़ने-उतरने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### रायपुर से भी लंबा है...

की स्थल संरचना को देखकर विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का मानना है कि ब्रिज के डिजाइन को और अधिक सरल बनाया जा सकता था। विशेष रूप से लगभग 40 मीटर की अतिरिक्त चढ़ाई को रोका जा सकता था, जिससे यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में कम परेशानी होती। भविष्य में अगर रेलवे स्टेशन में दूसरे प्लेटफार्म का निर्माण करता है, तो 250 मीटर चलकर जाना पड़ेगा।

### जोरा ब्रिज पर कार...

डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर के मुताबिक बस की रफ्तार ज्यादा थी। बारिश होने की वजह से बस चालक सामने जा रही कार को देख नहीं पाया। कार के एकदम नजदीक पहुंचने पर बस चालक ने ब्रेक लगाया। इससे बस कार के दाहिने तरफ के चक्के से टकराकर स्लिप हो गई और और सामने जा रहे हाईवा के बाएं तरफ से टकरकार बस पलट गई। इस दौरान हाईवा ब्रिज के रेलिंग में जाकर फंस गया।

### सांख्यिकी विभाग की डिप्टी...

में रकम निवेश करेंगी, तो उन्हें छह माह के भीतर दोगुनी राशि मिलेगी। महिला अफसर ने झांसे में आकर 20 ट्रांजेक्शन में 90 लाख रुपए जमा करा दिए। जमा रकम का रिटर्न नहीं मिलने पर महिला अफसर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। इसके बाद वह थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंची।

### फ्लिपकार्ट, इलास्ट्रिक ...

के निर्देश पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार ऑनलाइन शॉपिंग साइट फ्लिक कार्ट तथा चाकू डिलीवर करने वाली इलास्ट्रिक रन कोरियर कंपनी के कर्मी गुलरेज अली, मोहित कुमार, अभिजीत गोस्वामी, दिनेश कुमार, हरिशंकर साहू तथा आलोक साहू को गिरफ्तार किया है। पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या के आरोप में पुलिस ने जिन दो बदमाश अभनपुर निवासी कुणाल तिवारी उर्फ लालू तथा समीर टंडन को गिरफ्तार किया है, पूछताछ में उन लोगों ने बताया कि उन लोगों ने फ्लिप कार्ट में ऑनलाइन आर्डर कर चाकू मंगवाया था। उसी चाकू से उन लोगों ने पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या की थी।


### पड़ोसी को घर आने...

सुनील राव (30) की हत्या के आरोप में ओमप्रकाश यादव (21) तथा राहुल यादव (19) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी प्लांटेशन तथा प्लंबर का काम करते हैं। पुलिस के मुताबिक, चार भाई अपनी मां के साथ रहते थे। इनमें ओमप्रकाश की शादी हो चुकी है। चारों भाइयों की अनुपस्थिति में सुनील उनके घर आता-जाता था। इस बात को लेकर ओमप्रकाश तथा उसके भाई राहुल ने सुनील को घर आने से मना किया था। बावजूद इसके सुनील उनकी बातों की अनदेखी कर ओमप्रकाश के घर में आता-जाता था।

### छत पर मोबाइल...

दूर रहना समझदारी होती है। भारी उमस के बीच शनिवार को राजधानी का मौसम बदला। पहले तो शहर में खंड वर्षा हुई, फिर छाए बादल जमकर गरजने लगे। इस दौरान जोरों की गर्जना के साथ राजधानी के भावना नगर खम्हारडीह के एक निर्माणाधीन मकान में बिजली गिरी और वहां का काम करने वाला मजदूर आकाशीय बिजली की चपेट में आकर जान गंवा बैठा। जानकारी के अनुसार मूलतः गोरखपुर यूपी का रहने वाला 18 साल का सन्नी बरसैनी उस मकान में मजदूरी करता था। बताया जाता है कि मौसम बिगड़ने के दौरान वह दूसरी मंजिल की छत खड़ा होकर अपने रिश्तेदारों से बात कर रहा था। इसी दौरान बिजली गिरी और वह उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। इससे पहले उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता, उसकी मौत हो गई।

# मोवावासियों ने शहीद भरत लाल साहू को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** मोवावासियों ने शनिवार को विगत वर्ष बीजापुर नक्सली सर्चिंग के दौरान आईडी ब्लास्ट में शहीद हुए भरत लाल साहू की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू और वार्ड पार्षद मोहन साहू सहित सैकडों ने रिलायंस मार्ट के सामने शहीद के छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ ही 27 लाख 18 हजार रुपए की लागत से शहीद के स्मारक के लिए भूमि पूजन किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में उनके परिवार, एमआईसी सदस्य खेम कुमार सेन, जोन 9 के अध्यक्ष गोपेश साहू, पार्षद देवदत द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष मनीष नागोडे, पंडरी थाना प्रभारी त्रिपाठी, शहर जिला साहू संघ के अध्यक्ष केशव राम साहू, झूमक साहू, शुभ्रा नामदेव, मोबीन अहमद, युसूफ, लोमेश, राजेश, नवीन आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### मठ-मंदिरों के संरक्षण को लेकर चलेगा अभियान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी मठ-मंदिरों के संरक्षण को लेकर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिला और राज्य स्तर पर काउंसिल का गठन किया जाएगा। डॉ. कौशलकांत मिश्रा ने शनिवार को राजधानी के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर के परिसर हॉल में मठ-मंदिर के संरक्षण के लिए आयोजित विशेष व्याख्यानमाला में संत समाज और सनातन समाज से ये आव्हान किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ मठ-मंदिर विकास समिति के बैनर तले इस व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से डॉ. कौशलकांत मिश्रा ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, रिटायर्ड आईपीएस राजेश मिश्रा और भाजपा आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विजयशंकर मिश्रा मौजूद रहे।

### वृंदावन हॉल में काव्य संध्या आज

**रायपुर।** साहित्य सृजन संस्थान द्वारा 20 जुलाई को काव्य संध्या 'एक शाम पत्रकारों के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में संस्थान के संरक्षक डॉ. संजय अलंग, संयोजक उमेश कुमार सोनी, अध्यक्ष वीर अजीत शर्मा, संस्थान की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ममता खरे मधु, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार धर द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार आसिफ इकबाल, जर्नलिस्ट पूनम ऋतु सेन, आईएलएस हास्पिटल की डॉ. प्रियंका खत्री, मीडिया से आहना पुंज आदि शामिल होंगे।

# पढ़ाई के बीच छोड़ी एमबीबीएस की सीट तो देना पड़ेगा 25 लाख तक जुर्माना, मेडिकली अनफिट होने पर छूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बहुप्रतीक्षित एमबीबीएस-बीडीएस एडमिशन की काउंसिलिंग शुरू होने के पहले छत्तीसगढ़ चिकित्सा, दंत चिकित्सा एवं भौतिक चिकित्सा 2025 का नियम लागू कर दिया गया है। नियम के अनुसार तृतीय काउसिलिंग पूरी होने के बाद पढ़ाई के बीच कोई सीट त्यागता है, तो उसे 25 लाख रुपये तक जुर्माना देना होगा। अगर संबंधित छात्र पढ़ाई के लिए मेडिकली रूप से अनफिट पाया जाता है, तो उसे इस फाइन से राहत मिल सकती है। एनआरआई कोटे के लिए भी अभ्यार्थी के दो पीढ़ी के प्रमाणपत्र को भी इस बार मान्य किया गया है। राज्य के दस शासकीय और चार निजी मेडिकल कालेज में एमबीबीएस और एक शासकीय तथा पांच निजी डेंटल कालेज में बीडीएस के प्रवेश के लिए काउंसिलिंग का पहला राउंड 30 जुलाई से शुरू होना संभावित है। प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा नियम बनाकर इसका राजपत्र में भी प्रकाशन कर दिया गया है। पुराने नियम के मुताबिक काउंसिलिंग पूरी होने के बाद अगर कोई छात्र पढ़ाई के बीच सीट छोड़ता है, तो उसे जुर्माना देना होगा। एमबीबीएस की सीट में सामान्य वर्ग के लिए यह राशि 25 लाख ईडब्लूएस सहित आरक्षित वर्ग के लिए 20 लाख, बीडीएस के लिए सामान्य वर्ग 5 और आरक्षित वर्ग का 4 लाख होगा। नियम के मुताबिक किसी कारणवश अगर को विद्यार्थी मेडिकल, डेंटल की पढ़ाई के लिए अनफिट पाया जाता है, तो उसे उस जुर्माना राशि से मुक्त रखा जाएगा।

## छत्तीसगढ़ चिकित्सा, दंत चिकित्सा एवं भौतिक चिकित्सा 2025 का नियम लागू

### कुल सीटों का 10 फीसदी ईडब्लूएस को

नियम के मुताबिक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में कुल सीटों का 10 प्रतिशत हिस्सा ईडब्लूएस कोटे के तहत आवंटित होगा। किए गए नियम में संशोधन के आधार पर काउसिलिंग के दौरान अगर इस कोटे की कोई सीट रिक्त रह जाती है तो उसे सामान्य वर्ग को आवंटित किया जाएगा। स्टेटे कोटे की सीटों में प्रत्येक संस्थावार अनुसूचित जनजाति को 32, अनुसूचित जाति को 12, क्रीमिलेयर को छोड़कर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 14 प्रतिशत सीट आरक्षित रहेगी।



### प्रवेश परीक्षा के आधार पर तय होगा न्यूनतम अंक

काउंसिलिंग के लिए सामान्य परिस्थिति में नीट की परीक्षा में 50 परसेंटाइल सामान्य वर्ग, आरक्षित वर्ग के लिए 40 परसेंटाइल एवं सामान्य वर्ग के दिव्यांग को लिए 45 परसेंटाइल होता है। इसके अलावा नीट की परीक्षा द्वारा निर्धारित श्रेणीवार न्यूनतम अर्हता अंक जो भी न्यूनतम होगा उसे मान्य किया जाएगा।

# गुढ़ियारी-श्रीनगर क्षेत्र पेयजल संकट से होगा मुक्त, 24 घंटे मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी, श्रीनगर सहित आसपास की कई कालोनियों में रहने वाले हजारों लोग हर साल गर्मी के सीजन में पेयजल की समस्या से जूझते हैं, लेकिन आगामी दो साल के भीतर क्षेत्र पानी की समस्या से मुक्त हो जाएगा। इसके लिए क्षेत्र में नगर निगम प्रशासन दो हजार किलोलीटर क्षमता की पानी टंकी का निर्माण कराने जा रहा है, जिसके बाद स्थानीय लोगों को निगम के नल कनेक्शन के माध्यम से गर्मी के सीजन में भी 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति होगी।

**16.61 करोड़ रुपए की लागत होगा कार्य, टेंडर जारी:** ठक्कर बाप्पा वार्ड में दो हजार किलोलीटर (केएल) और 25 मीटर ऊंचाई वाली आरसीसी ओवरहेड पानी टंकी के निर्माण के लिए टेंडर जारी किया गया है। 1661.65 लाख यानी लगभग 16.61 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली पानी टंकी क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी, जिससे वार्ड में वर्षों से गर्मी के सीजन में होने वाली पानी की समस्या भी खत्म हो जाएगी। निगम ने इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया है। निविदा में पानी टंकी निर्माण, पाइपलाइन बिछाने, पंपिंग सिस्टम, हाउस कनेक्शन, आटोमेशन सिस्टम आदि कार्यों को शामिल किया गया है।

## दो हजार केएल क्षमता की बनेगी नई टंकी



### खमतराई-तीरथनगर क्षेत्र की टंकी पर निर्भर हैं हजारों परिवार

*ठक्कर बाप्पा वार्ड में दर्जनों कालोनियां बनी हुई हैं। इस वार्ड में हजारों परिवार हैं, जो गर्मी के सीजन में पानी की समस्या से जूझते हैं। इस क्षेत्र में अब तक खमतराई और तीरथनगर क्षेत्र की टंकियों से पानी की सप्लाई की जाती है। पानी टंकी दूर होने के कारण गर्मी के दिनों में इस क्षेत्र में पानी का संकट गहराता है। बताया जा रहा है कि नई टंकी का निर्माण अब ठक्कर बापा वार्ड के दीक्षा नगर में होगा। इस टंकी के बनने से लोगों को पर्याप्त मात्रा में 24 घंटे पानी मिल पाएगा।*

### टंकी प्रोजेक्ट के लिए टेंडर जारी

*ठक्कर बापा वार्ड के अलावा इससे लगे वार्ड की कई कालोनी-मोहल्लों में गर्मी के सीजन में पानी की समस्या होती है। इस समस्या को दूर करने के लिए निगम ने वार्ड में नई पानी टंकी का निर्माण कराने के लिए टेंडर जारी किया है। इसके लिए 8 अगस्त तक आवेदन मंगाए गए हैं।*

*- दिव्या चंद्रवंशी, जोन-1 कमिश्नर*

### दो साल में होना है निर्माण

जारी किए गए टेंडर के अनुसार इस प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए दो साल की समय सीमा निर्धारित की गई है। इस तरह पानी टंकी, पाइप लाइन सहित अन्य सभी कार्य 24 महीनों के भीतर पूरा करना होगा। तय की गई समय-सीमा में मानसून के तीन माह भी शामिल हैं। टेंडर के लिए आवेदन ऑनलाइन 8 अगस्त तक मंगाए गए हैं।

### आधुनिक वाटर सप्लाई तकनीक

इस प्रोजेक्ट के तहत आधुनिक वाटर सप्लाई तकनीक के अनुसार निर्माण कार्य किया जाएगा। इसमें क्लीयर वाटर पंपिंग, वितरण पाइपलाइन, हाउस सर्विस कनेक्शन और पीएससी व स्काडा आधारित स्वचालित जल नियंत्रण प्रणाली भी शामिल होगी, जो पूर्णतः सेंसर से संचालित होगी। यह स्वचलित तकनीक है।

# जमकर गरजे बादल, पर बारिश बेहद मामूली, तीन दिन बाद दिखेगा असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

दोपहर होने के बाद राजधानी में बादल जमकर गरजे मगर बारिश उस तरह से अपना असर नहीं दिखा पाई। अगले तीन दिनों इसका असर ऐसे ही सामान्य रहने की उम्मीद है। बुधवार से बारिश का क्षेत्र और मात्रा दोनों ही बढ़ने की संभावना बन रही है। अभी भारी उमस वाली परेशानी बनी हुई है और अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।



**अभी भारी उमस वाली परेशानी, तापमान 34 डिग्री**

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि अभी मानसून द्रोणिका के प्रभाव से बारिश की संभावना बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश के किसी भी इलाके में जोरदार बारिश नहीं हुई है। अगले तीन दिनों तक इसकी संभावना भी काफी कम है। अनुमान है कि तीन दिन के भीतर बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम विकसित होगा जो प्रदेश में बारिश की मात्रा बढ़ाने में सहायक होगा।

शनिवार को रायपुर का अधिकत तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक था। दोपहर तक उमस की वजह से लोगों ने चिपचिपाहट के कारण असहजता महसूस की। दोपहर बाद छाए बादलों में गड़गड़ाहट के साथ थोड़ी देर तक बारिश भी होती रही। रविवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

## बिजनेस साइट

### पुराने सप्लीमेंट्स से हो रहा था रक्तस्राव डॉ. मनोज अग्रवाला ने खोजा समाधान

**रायपुर।** एमए स्किन एंड हेयर क्लीनिक के वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज अग्रवाला ने हाल ही में एक जटिल और लंबे समय से बनी चिकित्सकीय समस्या का सफल समाधान किया। डॉ. अग्रवाला ने बताया कि मरीज एक आयुर्वेदिक कंपनी के दो सप्लीमेंट्स का नियमित सेवन कर रहे थे, जिनमें संभावित रूप से ऐसे तत्व पाए गए, जो रक्त को पतला करने का कार्य करते हैं। लंबे समय तक इनका सेवन करने से शरीर में रक्तस्त्राव की प्रवृत्ति बढ़ गई थी। डॉक्टर की सलाह पर जब मरीज ने इन सप्लीमेंट्स का सेवन बंद किया तो कुछ ही सप्ताहों में रक्तस्त्राव की समस्या पूरी तरह से समाप्त हो गई। डॉ. अग्रवाला ने कहा, यह केस हमें यह सिखाता है कि चाहे कोई भी दवा हो आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक या एलोपैथिक, उसका लंबे समय तक सेवन चिकित्सकीय परामर्श के बिना नहीं किया जाना चाहिए।






हरिभूमि

रायपुर, रविवार 20 जुलाई 2025

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



मंदिरों में अखंड संगीतमय रामायण...


## एजूकेशन अलर्ट

### फार्मासिस्ट ग्रेड 2 के लिए 25 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन




**रायपुर।** संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ ने फार्मासिस्ट ग्रेड 2 पद के लिए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की वेबसाइट पर 25 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इस पद के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में फार्मेसी काउंसिल से पंजीकृत औषधि निर्माण (फार्मेसी) में डिप्लोमा और छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिए लिंक https://vyapamcg.cgstate.gov.in/Post?PostID=HSP25ONLINE है।

### आईटीआई कोर्स के लिए 23 जुलाई तक आवेदन

छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में प्रवेश सत्र 2025-26 एवं 2025-27 के लिए संस्था में संचालित कोपा, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन आदि व्यवसायों में रिक्त स्थानों हेतु ऑनलाइन प्रवेश के लिए तीसरी बार आवेदन प्रक्रिया हेतु पुनः पोर्टल खोला गया है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट सीजीआईटीआई डॉट एडमिशन डॉट एनआईसी डॉट इन पर जाकर 23 जुलाई 2025 की रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर या नजदीकी च्वाइस सेंटर, कंप्यूटर सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसके लिए लिंक **https://cgiti.admissions.nic.in/** है।

## फ्रेंडशिप डे के लिए सजने लगा बाजार, महानगरों की तर्ज पर गिफ्ट में वैरायटी

# डिजिटल ब्रेसलेट बनेगी पहली पसंद, ऑर्डर पर खास तरह के कार्ड, केक पर प्रिंट होगी दोस्तों की ग्रुप फोटो

दोस्ती के इजहार का दिन फ्रेंडशिप डे इस बार 3 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन को खास बनाने युवा अभी से तैयारी में जुट गए हैं। फ्रेंडशिप डे को लेकर शहर का गिफ्ट बाजार पखवाड़ेभर पहले ही गुलजार हो चुका है। आकर्षक फ्रेंडशिप बैंड और रिंग के साथ स्पेशल कार्ड खरीदने युवा गिफ्ट दुकानों पर पहुंचने लगे हैं।






**रायपुर।** फ्रेंडशिप डे पर दुकानों में गिफ्ट के नए कलेक्शन आए हुए हैं, जिसमें दोस्ती के रिश्तों में भावनाओं के इजहार के लिए डिजिटल कार्ड की बिक्री बढ़ी हुई है। इस तरह के काड्‌र्स में फोटो के साथ दोस्ती का संदेश लिखा हुआ है। इसके अलावा डिजिटल ब्रेसलेट इस बार आकर्षक गिफ्ट होगा। साथ ही फोटो वाली ब्रेसलेट युवाओं की पहली पसंद है। फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेट करने हर साल कैफे और रेस्तरां में भीड़ बढ़ जाती है, जिसे लेकर युवा अभी से एडवांस बुकिंग कराने लगे हैं। नया रायपुर समेत शहर के कैफे में फ्रेंडशिप डे दिन के अलग-अलग समय में कैफे बुक कराने लोग पहुंच रहे हैं।

### दिल्ली और मुंबई से मंगाए जा रहे तोहफे

*दुकानों में डिमांड को देखते हुए दिल्ली और मुंबई से फ्रेंडशिप डे के लिए गिफ्ट आइटम कई वैरायटीज में मंगाए गए हैं। फ्रेंडशिप डे को लेकर सामान्य गिफ्ट की बिक्री के साथ मांग भी बढ़ गई है। दैनिक जीवन में काम आने वाली चीजों को युवा अपने दोस्तों को देने खरीद रहे हैं। गिफ्ट में फोटो फ्रेम विथ चॉकलेट व कोटेशन फ्रेम की डिजाइन के साथ टेडी बियर, फोटो टीशर्ट, घड़ी, पेन स्टैंड, बेल्ट, पर्स, बैग, महंगे परफ्यूम, प्रिंटेड कप जैसी सामान्य चीजें भी शामिल हैं।*

### फ्रेंडशिप रिंग और लॉकेट भी खास

*दोस्ती को और खास बनाने के लिए लॉकेट भी नई डिजाइन के बाजार में आए हुए हैं। महानगरों में रिंग और लॉकेट के साथ कई रंगों में रंगी फ्रेंडशिप रिंग, मोतियों के बनी बेल्ट और ब्रेसलेट चलन में हैं। इसकी कई वैरायटीज बाजार में उपलब्ध हैं। इसकी कीमत 40 रुपए से 300 रुपए तक है। इन बैंड को इस तरह से तैयार किया गया है कि इन्हें फ्रेंडशिप डे के अलावा अन्य मौकों पर भी इस्तेमाल किया जा सके। बाजार में फ्रेंड्स फॉरेवर लिखी हुई बेल्ट, बैंड व फ्रेंडशिप लॉकेट आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। इसके अलावा युवाओं को मोतियों से बनी ब्रेसलेट, फ्रेंड्स लिखी बेल्ट, वूडन की बेल्ट ज्यादा पसंद आ रही है।*




### बनवा रहे दोस्तों की फोटो फ्रेम

दोस्तों को खुश करने युवा यूनिक फ्रेंडशिप गिफ्ट तैयार कर रहे हैं। कटोरा तालाब स्थित दुकान संचालक रॉकी गुप्ता ने बताया कि यूथ अपने दोस्तों की स्पेशल राइटिंग में कार्ड के साथ फोटो फ्रेम बनवा रहे हैं। युवाओं की मांग पर प्रिंटेड कार्ड भी तैयार किए जा रहे हैं। लगभग 10 लोगों ने अभी आर्डर दिए हैं। फोटो फ्रेम को लेकर भी अच्छी मांग देखने को मिल रही है। इसकी कीमत 600 से 2 हजार रुपए तक है। लाइटिंग फ्रेम के लिए 200 रुपए का अतिरिक्त शुल्क तय किया जा रहा है। फ्रेम की कीमत साइज अनुसार तय है। सामान्य फ्रेम में दो फोटो को रखा जा रहा है। इसके अलावा फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेट करने यूथ केक पर अपनी ग्रुप फोटो बनवाने की तैयारी में हैं। इसकी कीमत साइज अनुसार है। इसके लिए दोस्तों के ग्रुप ने अभी से ऑर्डर दे दिए हैं। सेलिब्रेशन के बदलते तरीकों को देखते हुए अब इसमें भी कई विकल्प दिए जा रहे हैं।

## सिटी लाइव

### बौद्धिक विकास के लिए बढ़ी शतरंज में दिलचस्पी



**रायपुर।** दिमाग के खेल शतरंज को लेकर युवाओं में क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर में शतरंज एसोसिएशन से जुड़ी तीन अकादमी संचालित हैं, जिसमें हर साल शतरंज सीखने के लिए बच्चे से लेकर युवा बढ़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। एसोसिएशन के विनोद राठी ने बताया कि 2022 के बाद से प्रदेश में शतरंज को लेकर युवाओं में दिलचस्पी बढ़ी है। कोरोना के बाद से बच्चों का बौद्धिक विकास और एकाग्रता शक्ति को मजबूत करने के उद्देश्य से भी युवा शतरंज के खेल से सीधे जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते तीन सालों में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने नेशनल लेवल में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। लगातार विभिन्न राज्यों की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 7 साल से लेकर 19 साल तक के खिलाड़ियों की टीम हिस्सा ले रही है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आधार पर छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन पड़ोसी राज्यों से अब बेहतर हुआ है। कम उम्र के बच्चे भी इसमें रुचि ले रहे हैं। अध्ययन के साथ-साथ वे इस खेल से जुड़े दांव-पेंच सीख रहे हैं।

### खेल बेहतर करने स्पेशल कोचिंग

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अब शतरंज एसोसिएशन एक महीने ही स्पेशल कोचिंग दे रहा है। एसोसिएशन के मुताबिक, प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर करने यह पहल शुरू की गई है, जिसका बेहतर फायदा खिलाड़ियों को मिल रहा है। कोचिंग में शुरुआत के 1 से 2 मिनट में चाल, प्यादे से लेकर हाथी, घोड़े और वजीर से चेक-मेट करने की रणनीति के बारे में भी बताया जाता है। खिलाड़ियों को खेल कम समय में खत्म करने का गणित सिखाया जा रहा है। प्रतियोगिता में उंगलियों का उपयोग भी महत्वपूर्ण होता है। इसलिए खिलाड़ियों को बताया जा रहा कि विपक्षी टीम को अचंभित करने शुरुआत में किस तरह की चाल चलनी चाहिए।



### ऑनलाइन भी हो रही प्रतियोगिता

*मनोवैज्ञानिक रूप से किसी किताब और फिल्म देखने से अधिक एकाग्रता तथा आत्मनियंत्रण शतरंज खेलने से आता है। शहर की तीन अकादमी में हर साल 50 से अधिक बच्चे व युवा शतरंज का खेल सीखने के लिए पहुंच रहे हैं। रोजाना एक से दो घंटे बच्चे शतरंज में बिता रहे हैं। शहर में 6 से अधिक प्राइवेट अकादमी भी हैं, जिसमें खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन भी शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें देशभर से खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। ऑनलाइन प्रतियोगिता में भी छात्र बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।*

श्री साईं दर्शन आवासीय समिति का सावन उत्सव

## पारंपरिक अंदाज में मनाया सावन उत्सव याद आई बचपन की यादों की मिठास



**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर द्वारा सावन उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाएं सावन के प्रतीक हरे रंग के आकर्षक श्रृंगार में नजर आईं। सावन उत्सव में फूलों से सावन झूला तैयार किया गया, जहां महिलाएं आपस में बचपन की यादों को सहेजते हुए झूले का आनंद लेती रहीं। इस दौरान पारंपरिक खेल मनोरंजन का केंद्र रहा, जहां पुराने खेल महिलाएं खेलकर उत्साहित हुईं। इस दौरान औषधीय पौधों की पहचान के लिए स्पर्धा का आयोजन किया गया, जहां महिलाओं को पत्ते देखकर पेड़ का नाम बताना था। इस कार्यक्रम में अध्यक्षता द्रौपदी सूर्यवंशी ने की, जिन्होंने विजेता लीला लहरे, मंजू सुब्रमण्यम, प्रीतम मोदी, तनु साहू, दुर्गा शर्मा, झांसी सूर्यवंशी, माला उपाध्याय, निशा सोनी, हिना पाठक को पुरस्कार से सम्मानित भी किया।

### महिलाओं ने मनाया पारंपरिक उत्सव



शनिवार को मठपुरैना स्थित रावतपुरा कॉलोनी की महिलाओं ने सावन महोत्सव का आयोजन किया। इस दौरान 'हरियाली सावन' की थीम पर भव्य कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस दौरान महिलाएं सामूहिक रूप से एकत्र होकर हर्षोल्लास के साथ सावन के गीत, संगीत और नृत्य करती नजर आईं। इस दौरान गौरी ठाकुर, चंद्रिका देवी साहू, तुलसी सोनी, सविता सोनी, कामिनी साहू, सविता बारिक, उषा देवांगन मुख्य रूप से शामिल हुईं।



*मया के बंधना ने सावन उत्सव मनाया, जिसमें अनीता, रश्मि, रंजना , प्रीति , नीलिमा, जोति, निधि, चेतना ,नीलू शामिल हुई । इस दौरान इंद्राणी शर्मा सावन क्वीन बनी ।*




### प्रकृति की सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ क्वीन व छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आमानाका स्थित विप्र पब्लिक स्कूल सभागार में आयोजित किया गया, जहां स्कूल के छात्रों के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति व्यक्ति की जिम्मेदारी से अवगत कराना रहा, जहां 15 से अधिक छायादार वृक्ष लगाए गए। क्लब की अध्यक्ष दीपिंदर कौर ने छात्रों को वृक्षों की रक्षा का संकल्प दिलाया, साथ ही जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी का वितरण किया।

## सरोकार बढ़ाने अधिकारी-व्यापारी लायंस और रोटरी क्लब के साथ सालभर बनते हैं सहभागी

# लोगों की जरूरत का अध्ययन कर संवार रहे जीवन, शिक्षा-सेहत और प्रकृति के लिए सेवा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर में लोगों की जरूरत का हर साल अध्ययन करने के बाद जीवन संवारने की पहल रोटरी क्लब के लगभग सभी चैप्टर्स से जुड़े पदाधिकारी और मेंबर्स की भागीदारी से की जाती है। आबोहवा बेहतर करने और प्रकृति को बचाने का प्रयास भी इस साल होने वाले सेवा कार्यों का हिस्सा बनने लगा है। अलग-अलग क्लबों से जुड़े आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर्स, इंजीनियर समेत बड़े व्यावसायी भी सरोकार बढ़ाने के लिए रोटरी इंटरनेशनल के अलग-अलग चैप्टर्स से जुड़कर समर्पित भाव और प्लानिंग के साथ सेवा दे रहे हैं। लायंस क्लब से जुड़े मेंबर्स भी हर साल नए क्षेत्र में सेवा देते हैं। जीवप्रेमियों के लगाव को सम्मान देने के लिए डॉग्स और एनिमल्स का अंतिम संस्कार तथा कफन-दफन की सुविधा देने के लिए भी लक्ष्य तय किया है।




### प्रकृति संरक्षण और सेहत के लिए सेवा

*रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस और रोटरी ग्रेटर ने इस साल को एक कदम हरियाली की ओर थीम पर समर्पित किया है। शहर को हरा-भरा बनाने का संदेश लोगों तक पहुंचाने के लिए अभिनव पहल की जा रही है। इस मुहिम के तहत क्लब ने निशुल्क 500 पौधों का वितरण किया। कॉलोनी व सोसाइटी के लोगों ने अपने घरों, फार्म हाउस और आसपास के क्षेत्रों में उसे रोपित किया। वृक्षारोपण अभियान का आगाज दोनों ही क्लबों ने संयुक्त रूप से किया। इसमें रोटरी ग्रेटर के अध्यक्ष रितेश जिंदल, एलिगेंस क्लब की फाउंडर मनीषा अग्रवाल, प्रेसिडेंट नीरू अग्रवाल, सेक्रेटरी तनुश्री अग्रवाल, चेयरपर्सन अंशु छाबड़ा स्वास्थ्य कैम्प लगा रहे हैं।*

### सेहत बचाने के साथ शिक्षा की अलख

रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्विंस की अध्यक्ष दीपिंदर कौर रेहल, सचिव प्रभजीत कौर भाटिया ने सेहत, शिक्षा, सुरक्षा और प्रकृति संरक्षण जैसे क्षेत्र को सेवा के लिए चुना है। सालभर के लिए तय प्रोजेक्ट्स को सफल बनाने के लिए आयोजनों का क्रम जारी है, इसको लेकर चर्चा की जाती है। क्विंस क्लब ने एक प्राइवेट स्कूल के दो प्रतिभाशाली छात्राओं को स्कूल ड्रेस और पुस्तकें भेंट की। दोनों छात्राएं आरटीई के तहत शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। शिक्षा और सेहत के लिए अलग-अलग क्षेत्र में शिविर के लिए भी प्लानिंग है।



### नई सुविधा देने के लिए लायंस की पहल

लायंस क्लब रायपुर समाज सेवा के लिए समर्पित है। एनिमल्स, डॉग्स का लोग कफन-दफन कर सकें, इसके लिए पहल की जा रही है। इस तरह की सुविधा मुंबई, चेन्नई जैसे शहरों में देखने को मिलती है। इसे सरोकार के लिए करने का लक्ष्य है। वृक्षारोपण, भूखे को खाना खिलाने के लिए क्लब के मेंबर्स द्वारा प्रयास किया जाता है। लायंस क्लब ग्रेटर के अजय सक्सेना ने बताया कि क्लब के मेंबर्स कई क्षेत्र में सेवा देते हैं। दृष्टि संरक्षण, श्रवण और भाषण संरक्षण, मधुमेह जागरूकता, युवा आउटरीच, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को लेकर चर्चा भी आयोजन का हिस्सा है। पर्यावरण बचाने के लिए आयोजन से लोगों को सजग करने और जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

## सिटी इवेंट

# हंसिनी...ओ मेरी हंसिनी... कहां उड़ चली.. स्पर्धा में मची पुराने गानों की धूम





**रायपुर।** मैग्नेटो मॉल, देविका फैशन क्लब और देविका टेल्स के संयुक्त तत्वावधान में संगीत एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक दिवसीय स्पर्धा को दो वर्गों में विभाजित किया गया, जिसमें 3-17 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक योगेश अग्रवाल और विजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। मुकेश शाह, ईशा गोररिया, काजोल दबस्वा, प्रीति दीक्षित, जयश्री नायर और मीरा त्रिपाठी निर्णायक के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे कलाकारों द्वारा मंचीय प्रस्तुति के साथ की गई, जहां बच्चों ने रंगीलो मारो ढोलना...मैं कोई ऐसा गीत गाऊं के आरजू जगाऊं.. हंसिनी ओ मेरी हंसिनी, कहां उड़ चली..जैसे नाइंटीज के गानों की धूम मची।

### नानी तेरी मोरनी को मोर ले गए...पर बच्ची की मनमोहक प्रस्तुति

स्पर्धा के दौरान नाइंटीज के गाने सभी प्रतिभागियों की पहली पसंद रहे, जिसमें एक से बढ़कर एक प्रतिभागियों ने प्रोफेशनल सिंगर्स की तरह शानदार प्रस्तुति दी। ऐसे में नानी तेरी मोरनी को मोर ले गए...गाने पर 6 साल की नन्ही कलाकार ने प्रस्तुति दी, जहां दर्शकों ने तालियों से उसका उत्साह बढ़ाया, जिसके बाद एकल नृत्य में हिप-हॉप, क्लासिकल, भरतनाट्यम, कथक की प्रस्तुति दी गई। जहां चक धूम धूम.. ये मौसम की बारिश..तैनु कारा चश्मा जंचदा ऐ... किसी डिस्को में जाएं... झूम-झूम...गलती से मिस्टेक जैसे डिस्को गानों पर मंचीय प्रस्तुति दी गई।

## सिटी लाइव

# एनसीसी में दस दिवसीय इंटर ग्रुप प्रतियोगिता 22 जुलाई से



**रायपुर।** प्रेस्टीजियस इंटर-ग्रुप प्रतियोगिता एवं थल सैनिक कैंप में चयन की प्रक्रिया 22 से 31 जुलाई को शहर स्थित एनसीसी प्रशिक्षण केंद्र लखोली में शुरू होने जा रही है। यह कार्यक्रम एनसीसी निदेशालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में रायपुर ग्रुप 1 सीजी बटालियन एनसीसी कोरबा के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छह ग्रुप शामिल है, इनमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रायपुर के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रत्येक ग्रुप से 57 कैडेट (33 सीनियर डिवीजन ब्वॉयज और 24 सीनियर विंग गर्ल्स) भाग लेंगे।

### भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रायपुर से होंगे शामिल

10 दिवसीय शिविर के दौरान कैडेट्स बाधा प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, टेंट लगाना, दूरी मापन एवं फील्ड संकेत की कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतियोगिताओं के आधार पर चयनित कैडेट्स को दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजनों में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा, जहां उन्हें ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप नई दिल्ली और मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया जाएगा। इस दौरान एनसीसी एमपी एवं सीजी के अतिरिक्त महानिदेशक, मेजर जनरल विक्रांत विशेष रूप से शामिल होंगे, जो युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, राष्ट्रीय गौरव एवं सौहार्द्र के प्रति प्रोत्साहित करेंगे।

● सावन को उत्सव का रूप देने कई समितियां करती हैं भक्तों की सेवा और सहयोग

# मंदिरों में अखंड संगीतमय रामायण पाठ से सज रहा सावन, हर दिन जलाभिषेक-रुद्राभिषेक

'हर साल सावन को उत्सव का रूप देने के लिए सामाजिक संस्थाओं समेत कुछेक ऐसे मंदिर भी हैं, जहां सावन का आगाज होने के साथ ही भक्तिमय उत्सव का माहौल बनता है। कुछ इसी तरह का माहौल इन दिनों बूढ़ापारा स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में भी दिखता है। गुरु पूर्णिमा से संगीतमय अखंड रामायण पाठ का सिलसिला शुरू होने के बाद यह रक्षाबंधन तक यानी सावन में महीनेभर चलने वाला है। कई ऐसे आस्था केंद्र हैं, जहां सावन में हर दिन जलाभिषेक और रूद्राभिषेक की श्रृंखला सजती है।'

**रायपुर।** सावन का महीना भगवान महादेव को समर्पित होता है। इसे लोग भक्ति और साधना के साथ ही भजन-कीर्तन तथा अखंड रामायण पाठ जैसे संगीतमय आयोजनों से धार्मिक उत्सव का माहौल आस्था केंद्रों में सामान्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा रहता है। मंदिर क्षेत्र के लोग भी समय निकालकर अखंड रामायण पाठ का हिस्सा बन रहे हैं। यह एक-दो साल नहीं, बल्कि 26 साल पुरानी धार्मिक व्यवस्था है। जो हर साल सावन के पहले दिन से शुरू होने के बाद अखंड चलती है। इसके समापन का विधान ही 24 घंटे तक चलने वाले हवन से किया जाता है। बूढ़ापारा स्थित श्री हनुमान मंदिर के पं. रामकृष्ण शर्मा ने बताया कि यह सावन में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ आचार्य दिलीप महाराज के प्रयास से किया गया था।





### खाली समय में सुनने के लिए आते हैं लोग

*पं. शर्मा ने बताया कि श्री हनुमान मंदिर के आसपास रहने वाले परिवार के लोग घर-परिवार से जुड़े दायित्वों को निभाने के बाद समय निकालकर संगीतमय रामायण सुनने पहुंचते हैं। हर सोमवार की रात उत्सव का माहौल बनता है। संगीतमय रामायण पाठ के लिए 50 से ज्यादा लोगों की टीम काम करती है, जो अलग-अलग समय में रामायण पाठ के लिए पहुंचती है। रात में मंदिर के पास रहने वाले युवा ही रामायण पाठ के लिए तय समय पर पहुंचते हैं। ऐसा कभी नहीं हुआ, जब किसी तरह की कोई दिक्कत आई हो, हर दिन नियमित पूजा के बाद हनुमानजी के दरबार में संगीतमय रामायण पाठ का क्रम चलता है।*

### 4 से 6 लोगों की संगीत टोली देती है सेवा

पं. शर्मा ने बताया कि अखंड रामायण पाठ तो सावन में कुछेक मंदिरों में होता है, लेकिन अखंड संगीतमय रामायण पाठ शहर के इकलौते हनुमान मंदिर में 26 वर्षों से अनवरत हर सावन में किया जा रहा है। श्रावण मास अखंड रामायण पाठ समिति के प्रमुख दिलीप महाराज, पं. नागेंद्र महाराज, मुरली शर्मा, अनिल पवार सहित समिति मेंबर्स आस्था से जुड़ी इस व्यवस्था का संचालन और आस्था से जुड़ा आयोजन विगत 26 वर्षों से करते आ रहे हैं। आने वाले भक्तों के लिए भोग प्रसादी की सेवा दी जाती है। संगीतमय रामायण का महीनेभर पाठ करने वाले लोगों में युवाओं की भागीदारी हर साल ज्यादा रहती है।



### 40 साल से सावन में अखंड रामायण पाठ

टिकरापारा स्थित श्री नरहरेश्वर महादेव मंदिर में वैसे तो आए दिन भक्तिमय आयोजन होते रहते हैं। इसी क्रम में विगत 40 साल से हर सावन में महीनेभर व्यासपीठ से अखंड रामायण पाठ का सिलसिला गुरु पूर्णिमा से शुरू होने के बाद रक्षाबंधन तक चलता है। एक-एक घंटे का समय रामायण पाठियों ने अखंड रामायण के लिए तय किया है। मंदिर के पुजारी पं. देवचरण शर्मा ने बताया कि रामायण पाठ के साथ ही सावन में हर दिन जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का क्रम भक्तों द्वारा मंदिर में मंत्रोच्चार से किया जाता है।

### जलाभिषेक और रुद्राभिषेक में भी सहयोग

इसी तरह महादेवघाट स्थित श्री हाटकेश्वर नाथ मंदिर के पास ही बोल बम भवन में विगत 26 वर्षों से हर सावन में महीनेभर रामायण पाठ का आयोजन और कांवड़ लेकर आने वाले कांवड़ियों को सहयोग, सेवा देने का दायित्व 26 साल पहले स्व. रामचरण पांडेय मानस मंडली द्वारा शुरू की गई पहल अब भी अनवरत जारी है। अब नागेंद्र और राजेंद्र के मार्गदर्शन में रामायण पाठ करने में 26 लोगों का सहयोग और इसके चलते अखंड रामायण पाठ का सिलसिला इस सावन में भी जारी है। सावन में कांवड़ियों को भोग प्रसादी उपलब्ध कराने के साथ ही रोज-जलाभिषेक और रुद्राभिषेक में भी सहयोग देते हैं। रज्जू अग्रवाल ने बताया कि रामायण पाठ के अंतिम क्रम में 24 घंटे से ज्यादा अखंड हवन से पूर्णाहुति होती है।

### दादाबाड़ी में बच्चों के लिए विशेष रविवारीय शिविर, लघु नाट्य 'नियम का फल' का मंचन आज

# धर्म का मार्ग कठिन, पर अंत में देता है आत्मिक शांति और स्थायी कल्याण

**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत चल रहे प्रवचन श्रृंखला में हंसकीर्ति श्रीजी धर्मरत्न प्रकरण ग्रंथ का पठन कर रही हैं। इसी क्रम में शनिवार को उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति के सामने पाप करने का अवसर आता है तो उसका मन बड़ी सहजता और तत्परता से उसकी ओर आकर्षित हो जाता है। पाप में एक तात्कालिक सुख की झलक होती है, जो मन को भटकाने में बहुत सक्षम होती है, लेकिन जब धर्म का, पुण्य का, या आत्मकल्याण का समय आता है, तब वही मन अस्थिर हो जाता है, उसे एक जगह टिकने में कठिनाई होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि धर्म का मार्ग कठिनाइयों से भरा होता है और मनुष्य वर्तमान सुख की लालसा में इतना लिप्त होता है कि वह भविष्य की भलाई या आत्मिक उन्नति की ओर ध्यान नहीं दे पाता। मनुष्य को यह समझना चाहिए कि जो दुख उसे धर्म के मार्ग पर चलते समय सहने पड़ते हैं, वे वास्तव में पुण्य के बीज होते हैं। यह दुख आत्मा को मजबूत बनाते हैं, उसे तपाते हैं और अंततः वह सच्चा सुख प्रदान करते हैं, जो किसी भी भौतिक वस्तु से कहीं अधिक मूल्यवान होता है। हमें दूसरों के वैभव, विलास और ऐश्वर्य को देखकर ईर्ष्या या लालच नहीं करना चाहिए। बल्कि, यदि हमें किसी की ओर देखना है, तो उनके सद्गुणों, उनकी मेहनत, उनके पुरुषार्थ और उनके जीवन में आए संघर्षों को देखना चाहिए। असली सुख तो केवल उन्हीं को प्राप्त होता है, जो सच्चे मन से पुरुषार्थ करते हैं और पुण्य का मार्ग अपनाते हैं।



### लघु नाट्य का आज होगा मंचन

दादाबाड़ी में रविवार को सुबह 9.45 बजे से लघु नाट्य का मंचन होगा, जिसका विषय नियम का फल है। नाट्य के संयोजक श्री एसपीजी महिला विंग है। मंचन के माध्यम से यह बताया जाएगा कि छोटे-छोटे नियम का फल कितना व्यापक हो सकता है। प्रभु की आराधना से जीवन में होने वाले कल्याण को जीवंत करने की एक प्रयास नाट्य के माध्यम से किया जाएगा।



### मुक्ति का मार्ग केवल तीर्थंकर परमात्मा की वाणी से संभव

श्री विमलनाथ भगवान मंदिर में चल रहे चातुर्मास में शनिवार को तीर्थ प्रेम विजयजी महाराज ने उत्तराध्ययन सूत्र के प्रथम अध्याय विनय गुण पर आधारित प्रवचन में कहा कि विनम्रता ही धर्म की प्राप्ति का प्रथम और सबसे आवश्यक चरण है। उन्होंने बताया कि जिसमें विनय का गुण होता है, वह परम तत्व की प्राप्ति के योग्य बनता है। गुरुदेव ने प्रवचन में एक प्रेरक कथा सुनाई, जिसमें एक युवक परम तत्व की खोज में सद्गुरु की शरण जाता है। गुरु उसे सबसे तुच्छ वस्तु लाने को कहते हैं। युवक गाय, घास, मिट्टी आदि को तुच्छ मान लाता है, पर वे सभी उसे अपने महत्व का बोध कराती हैं। अंततः युवक को यह एहसास होता है कि वास्तव में सबसे तुच्छ तो वह स्वयं है, जो दूसरों को तुच्छ समझता है। इस भाव के साथ जब वह गुरु के समक्ष आता है, तब उसे परम तत्व की प्राप्ति का मार्ग मिलता है। प्रवचन में गुरु भगवंत ने पंन्यास प्रवर श्री भद्रंकर जी मारा साहब द्वारा की गई 51 करोड़ नवकार मंत्र जाप की तपस्या का भी उल्लेख किया और कहा कि सच्चे नमस्कार के लिए व्यक्ति को विनम्रता जैसे भावों को जीवन में अपनाना चाहिए।

# किकबॉक्सिंग में छत्तीसगढ़ का दबदबा, ओडिशा महाराष्ट्र और उत्तराखंड के प्रतिभागियों को दी मात

### इंडोर स्टेडियम में प्रतियोगिता खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अन्य राज्यों पर भारी पड़ रहे हैं। शनिवार को प्रतियोगिता के चौथे दिन राज्य की युवतियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओडिशा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, कर्नाटक समेत कई राज्यों की प्रतिभागियों को पछाड़ा। छत्तीसगढ़ की लोकिता चौहान ने 40 किग्रा एलसी वर्ग में ओडिशा की खिलाड़ी को हराया, वहीं 40 किग्रा पीएफ वर्ग में महाराष्ट्र की प्रतिभागी पर भी जीत दर्ज की। इसी प्रकार श्रेया शुक्ला ने 65 किग्रा एफसी वर्ग में उत्तराखंड की खिलाड़ी को शिकस्त दी। पुरुष वर्ग में अंकुश लाल यादव ने 51 किग्रा श्रेणी में जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ी को मात दी। स्वाति राजवाड़े ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। सरवर ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि रियाशा बाग ने 45 किग्रा वर्ग में कर्नाटक की खिलाड़ी को हराकर छत्तीसगढ़ की झोली में एक और जीत डाली।

### आज सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले

*छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा ने बताया कि शनिवार को प्रतियोगिता में देशभर से आए अनुभवी प्रशिक्षकों का भी सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन से राज्य को गौरव मिला है और यह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणाश्रोत बनेगा। प्रतियोगिता के आयोजकों के अनुसार, रविवार को विभिन्न वर्गों में सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें देशभर से आए प्रतिभागी दमखम दिखाएंगे।*

# योग, गीत-संगीत के साथ पारंपरिक स्पर्धा में सावन सुंदरी बनने किया परफॉर्म



**रायपुर।** हरियाली है बिखरी चहुंओर, आया है सावन का त्योहार..जैसे गीत-संगीत के बीच सावन को उत्साह से सराबोर करने के लिए माहेश्वरी युवा मंडल महिला समिति ने एक होटल में भव्य आयोजन किया। इसमें कई तरह की पारंपरिक प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। शनिवार को सावन उत्सव के आयोजन में एक-दूसरे से बेहतर ठाकुरजी की माला सजाने, तुलसी का गमला सजाने जैसी कई प्रतियोगिताओं की श्रृंखला सजाई। इनमें सावन सुंदरी बनने, डांस और ग्रुप डांस में जलवा बिखेरने में सफल प्रतिभागियों का चयन किया गया। सावन सेलिब्रेशन में योग, गीत-संगीत के साथ ही हुनर की परख करने के लिए आस्था से जुड़े अवसर को खास बनाने की विधा को तराशने प्रतिभागियों में उत्साह देखने को मिला।





### उत्सव को खास बनाने सभी ने किया सहयोग

समिति की अध्यक्ष विद्या काबरा, सचिव निधि चांडक और कोषाध्यक्ष स्नेहा लखोटिया एवं मीडिया प्रभारी ममता टावरी की अगवानी में सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने हाई-टी का लुत्फ उठाया। मुख्य अतिथि श्वेता अग्रवाल एवं विशिष्ठ अतिथि ईशा झांवर, विशेष अतिथि अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संघटन की महामंत्री ज्योति राठी रहीं। प्रतिभा नत्थानी, नंदा भट्टड़, कविता राठी ने इस सावन उत्सव को खास बनाने में सहभागिता निभाते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। ठाकुरजी की माला सजाओ प्रतियोगिता में सरोज व सुशीला बागड़ी विजेता रहीं। तुलसी का गमला सजाओ में माधवी राठी और श्वेता बाहेती अव्वल रहीं। सावन सुंदरी नेहा कोठारी एंड आशा कोठारी सहित पूजा सुरजन एंड सूचि शारदा विजेता रहीं।




## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ में हाई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स साइंस एंड इंज्यूरी सेंटर का प्रस्ताव, बिंद्रा मिले साय से



**रायपुर।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात में छत्तीसगढ़ में खेलों के विकास, 2028 में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारियों और राज्य में खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान श्री बिंद्रा ने हाई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स साइंस एंड इंज्यूरी सेंटर राज्य में प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा। वहीं मुख्यमंत्री ने राज्य में खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन देने का आश्वासन दिया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने खेलों के विकास के लिए अभिनव बिंद्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ में खेलों के विकास के लिए नए प्रोजेक्ट शुरू करने पर विचार मंथन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, यशवंत कुमार सचिव खेल एवं युवा कल्याण, तनुजा सलाम, संचालक खेल एवं युवा कल्याण एवं अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के दिगपाल सिंह राणावत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य विषय बनाने की उठाई मांग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन 18 जुलाई को सदन की कार्यवाही उपरांत छत्तीसगढ़ क्रीड़ा अधिकारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विषय को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने की मांग रखी। प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को देश के कई राज्यों में प्रभावी ढंग से लागू किया जा चुका है, जबकि छत्तीसगढ़ में इस दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यार्थियों के समग्र शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को समुचित प्रोत्साहन प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। संघ ने शारीरिक कल्याण शुल्क में वृद्धि की मांग करते हुए बताया कि विगत 15 वर्षों से यह शुल्क अपरिवर्तित है, जिससे खिलाड़ियों के आहार, उपकरण, प्रशिक्षण, ट्रैक सूट, यात्रा व्यय एवं प्रतियोगिताओं की तैयारी में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त खेल अधोसंरचना विकास, मैदानों का सुधार, तथा खेल छात्रावास की स्थापना जैसी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की ओर भी मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि राज्य में खेल संस्कृति को सशक्त बनाने तथा शारीरिक शिक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। यह भेंट राज्य में खेल एवं शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है, जो आने वाले समय में खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन, अवसर और सम्मान दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। प्रतिनिधिमंडल में डॉ बसंत अंचल (अध्यक्ष), डॉ मन्नालाल नंदेश्वर (सचिव), डॉ दिनेश कुमार नामदेव (संरक्षक, खेल संचालक) हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, मुकेश कुमार घोरे (वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी), महेंद्र रजक (कोषाध्यक्ष) और मोरध्वज सोनवानी (सहसचिव) शामिल थे।

### राज्य में लागू होगी एथलेटिक्स की आधुनिक नियमावली, निर्देश



**रायपुर।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के प्लानिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं एशिया, एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष डॉ ललित के भनोट, एफआई महासचिव डॉक्टर संदीप मेहता एवं पूर्व एथलेटिक्स महासंघ के कोषाध्यक्ष एवं झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधु कांत पाठक से छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के अध्यक्ष महेंद्र आहूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डी सुरेश क्रिस्टोफर, महासचिव अमरनाथ सिंह एवं पीजे सेबेस्टियन ने सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ की गतिविधियों पर गहन विचार विमर्श किया गया। डॉक्टर ललित के भनोट ने निर्देशित किया कि राज्य संघ में आधुनिक नियमावली को लागू किया जाए, जिससे पारदर्शिता एवं कार्यक्षमता में काफी बदलाव आएगा और प्रदेश की गतिविधियों में एथलेटिक्स का विकास होगा।

#### गंभीर स्थिति आने से पहले ही उठाएं एहतियाती कदम

# पेट में तकलीफ हो सकती पित्त की थैली में पथरी इन लक्षणों को बिल्कुल भी न करें नजरअंदाज

पित्त की थैली में पथरी होने से पेट में दर्द होता है। साथ ही कई परेशानियां होने लगती हैं। इसका पता अक्सर गंभीर स्थिति में पता लगता है। जानिए, आप कैसे पता कर सकती हैं कि आपको गॉल ब्लैडर में स्टोन है या नहीं। जब भी पेट में दर्द होता है, तो अक्सर लोग उसे सामान्य गैस या एसिडिटी मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। क्या आपको पता है कि कई बार यह पथरी का संकेत हो सकता है। पित्त की थैली हमारे शरीर का एक छोटा-सा, नाशपाती के आकार का अंग है, जो लिवर के ठीक नीचे स्थित होता है। इसका मुख्य काम लिवर द्वारा बनाए गए पित्त को स्टोर करना है। पित्त फैट के पाचन में मदद करता है। जब पित्त में कोलेस्ट्रॉल और बिलीरुबिन जैसे पदार्थ असंतुलित हो जाते हैं, तो वे कठोर होकर छोटे पत्थरों का रूप ले लेते हैं, जिन्हें पित्त की पथरी कहा जाता है। इससे होने वाली तकलीफ बहुत ज्यादा दर्द देती है।



यह पथरी रेत जितनी बारीक और गोल्फ बॉल जितनी बड़ी भी हो सकती है। पित्त की पथरी अक्सर तब तक कोई लक्षण नहीं दिखाती जब तक कि वह बाइल डक्ट में रुकावट पैदा न कर दे। लेकिन, जब ऐसा होता है, तो शरीर के विभिन्न हिस्सों में ऐसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं जिन्हें बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। आइए जानते हैं पित्त की पथरी के उन लक्षणों के बारे में, जो आपके शरीर के हर हिस्से में दिख सकते हैं।



### पित्त की थैली में पथरी के लक्षण

पित्त की पथरी के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं और कभी-कभी ये लक्षण अन्य पाचन संबंधी समस्याओं जैसे अपच या गैस से मिलते-जुलते हो सकते हैं। इसलिए, इन लक्षणों को ध्यान से समझना जरूरी है।

### पेट और पाचन तंत्र से जुड़े लक्षण

अचानक और तेज पेट दर्द होना पित्त की पथरी का सबसे मुख्य लक्षण है। दर्द अचानक से शुरू होता है और पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से (जहां पित्त की थैली होती है) या पेट के बीच में महसूस होता है। यह दर्द अक्सर भारी खाना खाने के बाद शुरू होता है। दर्द कुछ मिनटों से लेकर कई घंटों तक रह सकता है। दर्द पीठ के ऊपरी हिस्से या दाहिने कंधे तक भी फैल सकता है। यह दर्द रुक-रुक कर आता है और बहुत तीव्र हो सकता है। खाना खाने के बाद पेट में भारीपन, गैस, पेट फूलना और अपच महसूस होना भी एक लक्षण है।

पेट दर्द के साथ मतली महसूस होना और कभी-कभी उल्टी होना भी आम है। यह बाइल डक्ट में रुकावट के कारण हो सकता है। अगर पित्त की पथरी डक्ट को पूरी तरह से भर देती है, तो पित्त आंतों तक नहीं पहुंच पाता। इससे मल का रंग हल्का या मिट्टी जैसा हो जाता है। वहीं, शरीर पित्त को निकालने की कोशिश में पेशाब का रंग गहरा कर देता है।

### त्वचा और आंखों से जुड़े लक्षण

बाइल डक्ट रुकने से ब्लड सर्कुलेशन गड़बड़ा जाता है। इससे त्वचा और आंखों का सफेद भाग पीला पड़ जाता है। इस स्थिति में पीलिया एक आपातकालीन स्थिति हो सकती है।पित्त का रक्त में जमा होना त्वचा में खुजली का कारण बन सकता है।

### सामान्य शारीरिक लक्षण

यदि पित्त की पथरी के कारण पित्त की थैली में संक्रमण हो जाता है, तो इससे बुखार आ सकता है। ऐसे लोगों को बार-बार बुखार आता है। ठंड बहुत ज्यादा लगती है और कुछ भी खाने से पेट दर्द हो सकता है। पथरी होने से कुछ लोगों को लगातार दर्द बना रहता है। इससे पाचन संबंधी समस्याएं गंभीर हो सकती हैं। पथरी का दर्द पेट से पीठ और दाहिने कंधे तक फैल सकता है। कुछ लोगों को गर्दन या कंधे के ब्लेड के आसपास भी दर्द महसूस हो सकता है।



## बगैर फ्रिज के फ्रेश रखें सब्जियां, आजमाएं ये हैक

इन दिनों बिजली इतनी बार जाती है कि फ्रिज में रखी सब्जियों को ताजा रखना चुनौती बन जाता है। कुछ लोग रोज-रोज बाज़ार जाने की बजाय हफ्ते भर की सब्जियां एक साथ खरीद लेते हैं। अब ऐसे में जरा उनका सोचिए जिनके पास फ्रिज नहीं है या फ्रिज खराब हो गया है। ऐसे में सब्जी खराब भी होगी और उसके कारण किचन में बदबू भी फैल सकती है।

आमतौर पर सब्जियां 2-3 दिन में ही मुरझाने या खराब होने लगती हैं, खासकर पत्तेदार सब्जियां। ऐसे में मन में सवाल आता है कि क्या कोई ऐसा तरीका है जिससे फ्रिज के बिना भी सब्जियों को लंबे समय तक ताजा रखा जा सके? यह सुनकर शायद आपको हैरानी होगी, लेकिन ऐसे हैक्स मौजूद हैं, जिनकी मदद से आप अपनी सब्जियों को 15 दिनों तक भी बिल्कुल फ्रेश रख सकते हैं। ये तरीके न सिर्फ आपकी सब्जियों को खराब होने से बचाएंगे, बल्कि उनके स्वाद को भी बनाए रखेंगे। आइए जानते हैं ऐसे ही असरदार हैक्स के बारे में, जो आपकी मदद करेंगे।

### रेत और मिट्टी का कोल्ड स्टोरेज

यह एक प्राचीन और बेहद प्रभावी तरीका है, खासकर जड़ वाली सब्जियों जैसे गाजर, मूली, चुकंदर और आलू-प्याज के लिए। रेत नमी को बरकरार रखती है और मिट्टी का बर्तन हवा का संचार बनाए रखता है।

यह एक प्राकृतिक कूलिंग सिस्टम बनाता है जो सब्जियों को सूखने और खराब होने से बचाता है। जड़ वाली सब्जियां अपनी



प्राकृतिक नमी इसी तरह मिट्टी से प्राप्त करती हैं, इसलिए यह तरीका उन्हें लंबे समय तक ताजा रखता है।

### कैसे करें:

एक बड़ा मिट्टी का घड़ा या गहरा गमला लें। यह मिट्टी का बर्तन हवा को आर-पार जाने देता है और अंदर नमी बनाए रखता है। घड़े के निचले हिस्से में लगभग 2-3 इंच मोटी गीली रेत की परत बिछा दें। रेत इतनी गीली होनी चाहिए कि उसमें नमी महसूस हो, लेकिन पानी न हो। अब अपनी सब्जियों को (जैसे गाजर, मूली, चुकंदर, आलू) बिना धोए, सीधा रेत पर रखें। ध्यान रहे कि सब्जियां एक-दूसरे को न छुएं। सब्जियों के ऊपर फिर से 2-3 इंच मोटी गीली रेत की परत बिछा दें। इस तरह परत-दर-परत सब्जियां और रेत बिछाते जाएं, जब तक घड़ा भर न जाए। घड़े को किसी ठंडी और अंधेरी जगह पर रखें, जैसे पेंट्री या किसी अलमारी के अंदर। हर 2-3 दिन में रेत की नमी जांचते रहें। यदि रेत सूखने लगे, तो धीरे-धीरे पानी की कुछ बूंदें छिड़ककर उसे नम करें।

## हवन के बाद कुंड को कहां रखना चाहिए, जानें इसके वास्तु नियम



वास्तु शास्त्र में पूजा-पाठ से संबंधित सभी चीजों को सही स्थान और दिशा में रखने का विधान है। हवन कुंड को अग्नि का आसन माना जाता है, जिसमें देवी-देवताओं को आहुतियां समर्पित की जाती हैं। यह अत्यंत पवित्र होता है और हवन के दौरान इसमें दिव्य ऊर्जा का संचार होता है। इसलिए हवन के बाद भी इसकी पवित्रता बनाए रखना आवश्यक है। यदि आपका हवन कुंड धातु जैसे कि तांबा, पीतल का बना है और आप उसे भविष्य में दोबारा उपयोग करना चाहते हैं, तो उसे अच्छी तरह से साफ करके और किसी स्वच्छ कपड़े से ढककर पूजा घर में या किसी सुरक्षित स्थान पर रख सकते हैं। ध्यान रहे कि इसे किसी अपवित्र वस्तु के संपर्क में न आने दें। आप पूजा स्थान या फिर सूर्य की दिशा यानी कि पूर्व दिशा में हवन कुंड को रख सकते हैं। इससे घर में शुभता का संचार होता है और व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता बनी रहती है।

### हवन के बाद कुंड को रखने के नियम

हवन कुंड केवल एक पात्र नहीं है, बल्कि यह वह स्थान है जहां अग्नि देवता का आह्वान किया जाता है और देवी-देवताओं को आहुतियां समर्पित की जाती हैं। हवन के दौरान इसमें ऊर्जा का संचार होता है और यह सकारात्मकता का केंद्र बन जाता है। हवन कुंड को रखने के लिए सबसे शुभ दिशा अग्नि कोण यानी दक्षिण-पूर्व दिशा मानी जाती है। यह दिशा अग्नि तत्व से संबंधित है और ऊर्जा तथा समृद्धि का प्रतीक है। इस दिशा में कुंड को रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है और समृद्धि आती है।



## हार्मोनल गड़बड़ी के पीछे आपकी कुछ आदतें होती हैं असली वजह

क्या आपका भी हार्मोनल गड़बड़ रहता है। हर वक्त चिंता , तनाव और थकान बनी रहती है, तो सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि आखिर बार-बार ऐसा होता क्यों है। इसके कुछ कारण आपको जानना चाहिए।

यार मुझे तो नींद ही नहीं आती, वजन भी बढ़ रहा है, दिन भर में चार से पांच बार मूड भी खराब हो जाता है और तो और यह पीरियड्स भी टाइम पर नहीं आता है। क्या आप भी मन ही मन यही सब महसूस करती हैं? अगर हां तो आपके हार्मोन सिग्नल देना बंद कर चुके हैं। आप हॉर्मोन इंबैलेंस से जूझ रही हैं और इसकी वजह है आपकी रोजमर्रा की कुछ आदतें, जो हार्मोन का संतुलन बिगाड़ देती हैं। आज हम आपको इस आर्टिकल में आपकी तीन गलतियों के बारे में बताएंगे और उन्हें सुधारने का तरीका भी बताएंगे । हमारे साथ जानकारी साझा कर रही हैं डाइट एक्सपर्ट रामिता कौर

### हार्मोन गड़बड़ होने के पीछे होती हैं ये 3 गलतियां

पहली गलती- सच तो यह है कि हम सुबह की धूप लेते ही नहीं है। इस वजह से शरीर में सेरोटोनिन कम बनता है और नतीजन कॉर्टिसोल और मेलाटोनिन गड़बड़ा जाते हैं।




इसके चलते दिन भर थकान और रात में नींद खराब होती है। इसके लिए रोजाना 10 से 15 मिनट धूप में चेहरा और आंखें दिखाएं। यही आपकी बॉडी क्लॉक को रिसेट करता है।

दूसरी गलती- लेट डिनर से रात में इंसुलिन बढ़ता है और इससे मेलाटोनिन ब्लॉक हो जाता है। गहरी नींद नहीं आती है। हार्मोन का रिपेयर सिस्टम फेल हो जाता है।

तीसरी गलती- हम लोग रोजाना किसी ने किसी काम में प्लास्टिक का इस्तेमाल जरूर ही करते हैं। इससे निकलने वाले जोनोएस्ट्रोजन आपके एस्ट्रोजन थायराइड और फैट मेटाबॉलिज्म को बिगड़ते हैं, जिसके कारण वजन बढ़ता है। थकान होती है और पीरियड्स में गड़बड़ी होती है। क्या करें?-इसका समाधान है कि खाने पीने के लिए स्टील या कांच का इस्तेमाल करें माइक्रोवेव में भी प्लास्टिक से बच्चे। यह तीन आदतों को बदलकर देखें। आपकी बॉडी फिर से आपकी सुनाने लगेगी। हार्मोन संतुलन में आ जाएगा।

बॉडी को सेहतमंद बनाए रखने में खाने-पीने के साथ-साथ शरीर के अंदर मौजूद हार्मोन्स भी जरूरी होते हैं। हार्मोन्स का संतुलन सही रहेगा, तो अमूमन लाइफस्टाइल से संबंधित समस्याएं आपको नहीं होंगी। आपने डोपामाइन हार्मोन के बारे में तो सुना ही होगा, जो हमारे ब्रेन को खुश होने का मैसेज ट्रांसफर करता है लेकिन क्या कभी कोर्टिसोल हार्मोन के बारे में सुना है? अगर नहीं, तो जान लीजिए इस हार्मोन के बारे में सबकुछ, क्यों यह हार्मोन जरूरी है, बढ़ने पर क्या संकेत दिखते हैं और कब गंभीर होता है इसका बढ़ना।

### क्या है कोर्टिसोल हार्मोन?



कोर्टिसोल हार्मोन हमारे शरीर के तनाव की प्रतिक्रिया में अपनी भूमिका पेश करता है। इसे "स्ट्रेस हार्मोन" भी कहा जाता है। कोर्टिसोल एक स्टेरॉयड हार्मोन है, जो हार्मोन एड्रिनल ग्लैंड्स द्वारा शरीर के अंदर उत्पन्न होता है और शरीर के कई कार्यों को करने में मदद करता है, जैसे कि बॉडी में शुगर लेवल को बैलेंस करना, मेटाबॉलिज्म को हेल्दी रखना और सूजन कम करना। यदि कोर्टिसोल का स्तर लंबे समय तक बढ़ा रहता है, तो यह हमारी शरीर और मेंटल स्टेट पर कई तरीकों से नेगेटिव प्रभाव डाल सकता है।






















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नोलन की फिल्म का क्रेज ऐसा कि सालभर पहले सिर्फ एक मिनट में बिके सारी टिकट



हॉलीवुड डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' की रिलीज से एक साल पहले ही इसके टिकट्स को लोग हाथों-हाथ खरीद रहे हैं। फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। हॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन एक बार फिर सिनेमा प्रेमियों के लिए खास सौगात लेकर आने वाले हैं। उनकी मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी' की पहली स्क्रीनिंग के टिकट कुछ ही मिनटों में बिक गए, वो भी फिल्म की रिलीज से पूरे एक साल पहले। हालांकि ये पहली बार नहीं है जब नोलन की फिल्म को लेकर इस कदर दीवानगी देखने को मिली है, इससे पहले 'द डार्क नाइट' समेत कई फिल्मों को कुछ ऐसा ही प्यार मिल चुका है।

आईमैक्स ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से जानकारी दी कि 'द ओडिसी' की शुरुआती स्क्रीनिंग के टिकट बिक्री के लिए जैसे ही खुले, मिनटों में पूरी तरह से सोल्ड आउट हो गए। यह फिल्म 17 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, लेकिन 17 से 19 जुलाई 2026 की प्रीव्यू स्क्रीनिंग्स के लिए अमेरिका के प्रमुख थिएटर्स पहले ही हाउसफुल हो चुके हैं।

'द ओडिसी' में हॉलीवुड की सबसे बड़ी स्टारकास्ट देखने को मिलेगी। फिल्म में मैट डेमन, टॉम हॉलैंड, जेंडाया, रॉबर्ट पैटिनसन, लुपिता न्योंगो, ऐनी हैथवे और चार्लीज थेरॉन जैसे दिग्गज सितारे नजर आएंगे। ऐसे सितारों की मौजूदगी से पहले ही ये फिल्म चर्चा में थी, लेकिन टिकट बुकिंग ने अब इस बात का सबूत भी दे दिया है कि फिल्म रिलीज होते ही धमाल मचाने वाली है।

### टॉलीवुड

## हरि हर वीर मल्लु' का आएगा सीक्वल एक्ट्रेस निधि ने शेयर किया अपडेट



हरि हर वीर मल्लु' का आएगा सीक्वल, एक्ट्रेस निधि ने शेयर किया अपडेट पावरस्टार पवन कल्याण की मेगा एक्शन फिल्म 'हरि हर वीर मल्लु' 24 जुलाई को रिलीज होगी। ज्योति कृष्णा द्वारा निर्देशित इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट मिल चुका है। फिल्म के निर्माता इसे अंतिम रूप देकर अमेरिका में प्रीमियर के लिए भेजेंगे। विशाखापट्टनम में एक प्री-रिलीज इवेंट की योजना होगी। वहीं अब फिल्म के सीक्वल को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है, जो फिल्म की एक्ट्रेस निधि अग्रवाल ने शेयर की है।

फिल्म की मुख्य अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने इस पीरियड एक्शन ड्रामा के लिए पांच साल तक मेहनत की है और अब वह प्रचार में सक्रिय हैं। निधि ने बताया कि 'हरि हर वीर मल्लु' के सीक्वल के 20 मिनट की शूटिंग हो चुकी है और दूसरा भाग जल्द शुरू होगा। पवन कल्याण ने ओजी की शूटिंग पूरी कर ली है और इस महीने के आखिर तक उस्ताद भगत सिंह की शूटिंग भी पूरी कर सकते हैं।

हरि हर वीरा मल्लूः भाग 1 एक एतिहासिक एक्शन एडवेंचर फिल्म है। इस फिल्म को कृष जगरलामुदी और ए.एम. ज्योति कृष्णा ने लिखा और निर्देशित किया है। यह महान डाकू वीरा मल्लू के जीवन के ऊपर आधरित है। इस फिल्म में पवन कल्याण, बॉबी देओल, निधि अग्रवाल, नोरा फतेही और विक्रमजीत विर्क ने मुख्य भूमिका निभाई हैं। यह 17वीं शताब्दी के मुगल साम्राज्यकाल पर आधारित है।

### भोजपुरी

## विक्रांत-अक्षरा की भक्ति दिखी फिल्म 'रुद्र शक्ति' में, दर्शकों ने किया पसंद



भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। अक्षरा सिंह और विक्रांत सिंह की फिल्म 'रुद्र-शक्ति' रिलीज हो गई। फिल्म में रोमांस, एक्शन और भक्ति का संगम देखने को मिला। फिल्म की कहानी शिवभक्त रुद्र और शक्ति के प्रेम पर आधारित है। फिल्म बनारस के घाटों पर शूट हुई है।


'रुद्र-शक्ति' में रोमांस, एक्शन और महादेव की भक्ति का जबरदस्त संगम देखने को मिला। इस फिल्म में पहली बार अक्षरा सिंह और विक्रांत सिंह की दमदार जोड़ी एक साथ नजर आई है। फिल्म की प्रस्तुति बिभूति एंटरटेनमेंट ने की है, जबकि इसके निर्माता सीबी सिंह हैं। फिल्म 'रुद्र-शक्ति' का निर्देशन निशांत एस शेखर ने किया है। फिल्म की कहानी एक ऐसे शिवभक्त रुद्र (विक्रांत सिंह) की है जिसे शक्ति (अक्षरा सिंह) से प्रेम है। फिल्म में दिखाया गया है कि कुछ समाज विरोधी तत्व शक्ति को परेशान करते हैं, लेकिन रुद्र उन्हें शिवशक्ति के रूप में सबक सिखाता है। कहानी प्रेम, बलिदान, संघर्ष और आस्था की अनोखी प्रस्तुति है। फिल्म में मनमोहन तिवारी भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। यह फिल्म एक ओर जहां दर्शकों को बनारस की खूबसूरती से रूबरू करा रही है, वहीं दूसरी ओर महादेव की भक्ति से सराबोर कर रही है। फिल्म की शूटिंग बनारस की गलियों, घाटों और मंदिरों में हुई है, जिससे फिल्म में एक गहरी धार्मिक और सांस्कृतिक अनुभूति मिलेगी। अक्षरा सिंह ने फिल्म 'रुद्र-शक्ति' को लेकर कहा कि 'शक्ति' का किरदार मेरे दिल के बेहद करीब है, क्योंकि इसमें एक ऐसी महिला की कहानी है जो प्रेम, आस्था और आत्मसम्मान के लिए लड़ती है। इस फिल्म में मुझे अभिनय के साथ-साथ शिव भक्ति को भी जीने का मौका मिला।

## शाही पहनावा

मशहूर फैशन फर्म गुओ पेई का हालिया कलेक्शन फ्रांस राजतंत्र की अंतिम महारानी मैरी एंटोनेट से प्रेरित था, जो संग्रहालय में रखने योग्य और पहनने योग्य के बीच की रेखा पर चलता है। डिज़ाइनर जीन पॉल गॉल्टियर ने लगभग 16वीं शताब्दी की इस पारदर्शी, स्टैंड-अप रफ़ल कॉलर वाली पोशाक के साथ अपने अनूठे कॉउचर ब्रांड को प्रस्तुत किया। यह महारानी की विंटेज और आधुनिक शैली का एक सफल मिश्रण है।




## घर पर आइब्रो थ्रेडिंग के दौरान बरतें सावधानी



चेहरे की खूबसूरती तब कई गुना बढ़ जाती है, जब महिलाएं आइब्रो की थ्रेडिंग बनवा लेती हैं। इसकी वजह से आंखें और भी ज्यादा प्यारी लगने लगती हैं। आईब्रो की थ्रेडिंग बनाने के लिएल बहुत सी महिलाएं वैक्सिंग का सहारा लेती हैं, तो वहीं ज्यादातर महिलाएं थ्रेडिंग कराती हैं। आइब्रो सेट कराने के लिए थ्रेडिंग सबसे सरल और आसान रास्ता माना जाता है। इसी के चलते कई महिलाएं तो घर पर खुद से ही थ्रेडिंग कर लेती हैं।अगर आप भी उन महिलाओं में शामिल हैं, जो घर पर ही थ्रेडिंग करना पसंद करती हैं, तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। यदि आप इन बातों का ध्यान रखेंगी तो एक तो आपका लुक प्यारा दिखेगा और साथ ही में इसकी वजह से आपके चेहरे पर किसी तरह की एलर्जी नहीं होगी।

### धागा हो साफ

यदि आप नियमित रूप से घर पर ही आईब्रो बनाती हैं तो ध्यान रखें कि कि एक ही धागे तो बार-बार इस्तेमाल न करें। थ्रेडिंग के लिए हमेशा नया धागा लें। कभी भी इस्तेमाल किया हुआ धागा दोबारा इस्तेमाल न करें। ध्यान रखें कि गंदा धागा स्किन में बैक्टीरिया फैला सकता है। इसलिए हर बार नया धागा लें।

### हाथ को धोएं अवश्य

आइब्रो पर थ्रेडिंग बनाते समय अपने हाथों को अच्छी तरह से धोएं। यदि आप गंदे हाथ से थ्रेडिंग बनाएंगे तो इससे इंफेक्शन फैलने का खतरा बढ़ जाता है। हाथों के साथ-साथ अपने चेहरे को भी अच्छी तरह से धोकर साफ कर लें, वरना चेहरे पर मुंहासों जैसी दिक्कतें पैदा होंगी। रोशनी होनी चहिए ज्यादा थ्रेडिंग बनाते समय ऐसी जगह पर बैठें, जहां रोशनी तेज आती हो। यदि आप अंधेरे में या फिर कम रोशनी में थ्रेडिंग बनाएंगी तो इससे हो सकता है कि आइब्रो की शेप बिगड़ जाए। इसलिए पहले रोशनी को सेट कर लें, फिर ही थ्रेडिंग करें।

### एलोवेरा का इस्तेमाल करें

थ्रेडिंग के बाद स्किन काफी सेंसेटिव हो जाती है। इसलिए हमेशा आईब्रो पर थ्रेडिंग के बाद त्वचा पर एलोवेरा इस्तेमाल अवश्य करें। ये आपकी त्वचा को एलर्जी से बचाएगा और साथ ही में थ्रेडिंग की वजह से होने वाली जलन को भी एलोवेरा कम करने का काम करेगा।

### तुरंत मेकअप न करें

इस बात का खास ध्यान रखें कि थ्रेडिंग के तुरंत बाद स्किन के पोर्स खुले होते हैं। ऐसे में अगर आप थ्रेडिंग के तुंरत बाद मेकअप करेंगे तो इससे मेकअप के केमिकल्स त्वचा के अंदर जा सकते हैं और उसकी वजह से स्किन पर पिंपल्स हो सकते हैं।

## स्कर्ट में दिखना है सबसे स्टाइलिश तो ये फैशन टिप्स करें फॉलो, मिलेगी तारीफ



स्कर्ट कई खास मौकों पर पहनने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन है। आप इसे ऑफिस, पार्टी या शादी जैसे खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। यह न केवल आपको आरामदायक महसूस कराती है, बल्कि इसमें आपका लुक बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश भी दिखता है। हालांकि, स्कर्ट में आपका लुक तभी सुंदर और स्टाइलिश लगता है, जब आप इसे सही तरीके से स्टाइल करती हैं। हम आपको स्कर्ट में स्टाइलिश लुक पाने के कुछ खास फैशन टिप्स बता रहे हैं। इन टिप्स को फॉलो करने से आपका लुक स्टाइलिश और खूबसूरत नजर आएगा।

इस आर्टिकल में हम आपको यह जानकारी देंगे कि किस तरह की स्कर्ट का चुनाव करें और उन्हें कैसे स्टाइल करें ताकि आपका लुक सबसे अलग और ट्रेंडी लगे।

### सही स्कर्ट का करें चुनाव

अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए सबसे पहले सही स्कर्ट का चुनाव करें। स्कर्ट का चुनाव अपनी बॉडी शेप के अनुसार करें। अगर आपकी बॉडी पियर-शेप की है, तो आप ए-लाइन स्कर्ट का चुनाव कर सकती हैं। वहीं, अगर आप लंबी दिखना चाहती हैं, तो हाई-वेस्ट स्कर्ट पहनें।

### परफेक्ट टॉप करें स्टाइल

अगर आप कहीं घूमने जा रही हैं, तो आप बॉडी फिटेड या क्रॉप टॉप का चुनाव कर सकती हैं। यदि आपकी स्कर्ट टाइट या पेंसिल शेप की है, तो इसके साथ आप लूज टॉप पहन सकती हैं। वहीं, ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए हैवी टॉप का चुनाव करें।

### फुटवियर करें पेयर

अगर आप पेंसिल स्कर्ट या मिडी स्कर्ट स्टाइल कर रही हैं, तो आप हील्स का चुनाव कर सकती हैं, जो आपको लंबा और एलिगेंट लुक देगा। कैजुअल लुक के लिए आप स्कर्ट के साथ स्नीकर्स या फ्लैट्स स्टाइल कर सकती हैं।


### एक्सेसरीज करें ऐड

स्कर्ट में अपने लुक को पूरा करने के लिए एक्सेसरीज जरूर शामिल करें। अगर आप कैजुअल लुक चाहती हैं, तो आप हूप्स इयररिंग्स का चुनाव कर सकती हैं। वहीं, ट्रेडिशनल लुक के लिए आप झुमके और हाथों में चूड़ियां या कंगन स्टाइल कर सकती हैं।

### श्रग या दुपट्टा करें स्टाइल

ट्रेडिशनल लुक के लिए आप स्कर्ट और टॉप के साथ श्रग या दुपट्टा स्टाइल कर सकती हैं।

## शाम तक चेहरे का ग्लो हो जाता है गायब तो ऐसे लौटेगा खोया निखार



शाम होते-होते चेहरे की थकावट और निखार में नमी की कमी आम समस्या है, खासकर जब आप दिनभर की भागदौड़ या ऑफिस के बाद खुद को थका हुआ महसूस करते हैं। ऐसा होना बेहद सामान्य है। यदि आपके साथ भी ऐसा ही है तो आपको जानना चाहिए कि कैसे कुछ टिप्स को फॉलो करके आप अपने चेहरे को हमेशा खिला-खिला रख सकते हैं।

### सुबह की शुरुआत करें ऐसे

अपने सुबह की शुरुआत हमेशा सीटीएम रूल के साथ करें। इसमें सबसे पहले क्लींजंग, फिर टोनिंग और फिर मॉइस्चराइजिंग का नंबर आता है। ये रुटीन फॉलो करने के बाद आपका चेहरा पूरा दिन खिला-खिला बना रहेगा। यदि सीरम इस्तेमाल कर रहे हैं तो विटामिन सी या हायालूरोनिक एसिड सीरम का इस्तेमाल करें जिससे स्किन हाइड्रेट और ग्लोइंग बनी रहती है।


### सनस्क्रीन को दिन भर इस्तेमाल करें

मौसम चाहे कोई सा भी हो, सनस्क्रीन का इस्तेमाल दिन में कई बार करें। ये आपके चेहरे को यूवी किरणों से बचाकर रखता है, जिनकी वजह से स्किन डैमेज होकर डल दिखने लगती है। घर से बाहर निकलते समय बाहर हमेशा SPF 50 या उससे ऊपर का सनस्क्रीन लगाएं।

### फेस मिस्ट को बनाएं दोस्त

अभी जब गर्मी का मौसम है तो फेस मिस्ट को अपना दोस्त बना लें। दिनभर में जब भी चेहरा थका हुआ लगे, एक रिफ्रेशिंग फेस मिस्ट या गुलाबजल छिड़कें।ये आपके चेहरे को तुरंत तरोताजा कर देता है।

## मैट लिपस्टिक से पहले क्या लगाएं, जानें



मैट लिपस्टिक लगाना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन आप इसे लगाने से पहले कुछ खास बातों को जानें, ताकि आपके लिप्स सॉफ्ट रहें।

### मलाई

कई सारे ऐसे नुस्खे हैं, जिसे ट्राई करके हम अपने लिप्स की सही तरीके से केयर कर सकते हैं। खासकर उस समय जब हमें लिप्स पर लिपस्टिक को ज्यादा समय के लिए लगाना है। ऐसे में आप सबसे पहले अपने लिप्स पर मलाई को लगाएं। मलाई लिप्स की स्किन को मॉइस्चराइज करती है। साथ ही, सॉफ्ट बनाती है। इसलिए आप इसे रोजाना सुबह लिप्स पर लगाएं। इसके बाद आप मैट लिपस्टिक का कोई भी शेड अप्लाई करें। होंठों पर लगी लिपस्टिक फटी-फटी नजर नहीं आएगी।

### नारियल तेल

अगर आपके लिप्स मैट लिपस्टिक लगाने के बाद फटे-फटे नजर आते हैं, तो ऐसे में आप नारियल तेल को अप्लाई करें। नारियल तेल को लगाने से आपके लिप्स हेल्दी रहते हैं। इसलिए जब भी आप अपने होंठों पर लिपस्टिक को अप्लाई करेंगी, तो नारियल का तेल जरूर लगाएं। इससे आपके लिपस्टिक को मैट फिनिशिंग मिलेगी।

### लिप बाम

अगर आपको अपने लिप्स को हाइड्रेट रखना है, तो ऐसे में आप मैट लिपस्टिक को लगाने से पहले लिप बाम को अप्लाई करें। लिप बाम आपके लिप्स को हाइड्रेट रखता है। साथ ही, आपके लिप्स पर लिपस्टिक को चिपचिपा बनाने से बचाता है। इसलिए आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए। आपके लिप्स पर मैट लिपस्टिक अच्छी लगेगी। मैट लिपस्टिक को लगाने से पहले इन चीजों को अप्लाई करें। इससे आपके होंठ हेल्दी रहेंगे।

**कार्नर न्यूज**

**मेंस फैशन में स्मार्ट और स्टाइलिश दिखने में कमी न रखें**

## हैंडसम दिखने के लिए पहने इस तरह के फैशनेबल ट्रेंडी कपड़े, बदल जाएगा लुक

आजकल लड़के भी फैशन के मामले में किसी से कम नहीं हैं। स्मार्ट और स्टाइलिश दिखने के लिए वे भी नए ट्रेंड्स को अपनाते हैं। अगर आप भी अच्छे लुक के साथ स्मार्ट दिखना चाहते हैं तो आपकी अलमारी में कुछ खास कपड़े होने चाहिए। यहां कुछ ऐसे कपड़े बताए जा रहे हैं जो हर लड़के की अल्मारी में होने चाहिए।



### ट्रेंच कोट या ब्लेजर

अगर आप ऑफिस, पार्टी या किसी फॉर्मल इवेंट पर जा रहे हैं तो एक अच्छी क्वालिटी का ब्लेजर या ट्रेंच कोट आपके लुक को स्मार्ट और क्लासी बना सकता है। यह खासकर सर्दी के मौसम में जरूरी है।

### फिटेड जींस

एक अच्छी फिटिंग वाली जींस लड़कों के लिए हमेशा ही स्टाइलिश होती है। डार्क वॉश जींस से लेकर लाइट वॉश जींस तक यह आपके लुक को कूल और आरामदायक बना सकती है।

### ट्रेंडी टी-शर्ट्स

लेटेस्ट डिज़ाइंस और प्रिंट्स के साथ एक अच्छी फिटिंग वाली टी-शर्ट हर लड़के के पास होनी चाहिए। यह रोज़मर्रा की आउटफिट्स में आसानी से पहनी जा सकती है और आरामदायक भी होती है।

### कुर्ता या शर्ट

एक अच्छा कुर्ता या कैजुअल शर्ट आपकी अलमारी में होना चाहिए। शर्ट ऑफिस, कैजुअल आउटिंग्स और पार्टियों के लिए भी परफेक्ट हो सकती है।

### स्नीकर या कैजुअल शूज़

एक अच्छे स्नीकर की जोड़ी हर लड़के को चाहिए। यह न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि आपके पूरे लुक को भी स्टाइलिश बनाते हैं।

### चायनीज़ कॉलर शर्ट्स

ये शर्ट्स अलग लुक देती हैं और किसी भी इवेंट या पार्टी के लिए परफेक्ट होती हैं। यह स्टाइल और आराम का बेहतरीन कॉम्बिनेशन होता है।

कम्फर्टेबल शॉर्ट्स गर्मियों में आरामदायक और स्टाइलिश दिखने के लिए शॉर्ट्स का चयन करें। यह कैजुअल आउटिंग्स, बीच, और ट्रिप्स के लिए बेहतरीन होते हैं।

### डेनिम जैकेट

डेनिम जैकेट्स कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होती। यह एक क्लासिक पीस है जो किसी भी कैजुअल लुक को अपग्रेड कर सकता है।

### पोलो टी-शर्ट

अगर आप थोड़ा स्मार्ट और आरामदायक लुक चाहते हैं, तो पोलो टी-शर्ट्स पहनें। यह आम टी-शर्ट से अलग होती हैं और आपको एक एलीगेंट लुक देती हैं।

